रांची, शुक्रवार, 10 जुलाई 2026
संवत 2083, अषाढ़ कृष्ण पक्ष 11 मूल्य-3 रुपये
वर्ष-9, अंक 296, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक



4 ▸▸ वायुमण्डलीय ट्रैफिक जाम की चपेट में यूरोप
लॉकअप 2 में भाभी जी की एंट्री ◂◂ 6

# खूंटी में दोहरे हत्याकांड से सनसनी : महिला समेत दो की निर्मम हत्या, घाघरा तजना नदी किनारे मिले शव

**नवनीत रंजन**

खूंटीः खूंटी थाना क्षेत्र के घाघरा गांव स्थित तजना नदी किनारे शुक्रवार सुबह एक महिला और एक युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों की धारदार हथियार से हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की मदद से जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़गई निवासी नेहा कुमारी तथा उनके पड़ोसी अरुण कुमार राणा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में आशंका व्यक्त की जा रही है कि दोनों की हत्या घाघरा पुल पर धारदार हथियार से की गई और साक्ष्य छिपाने की नीयत से शवों को पुल के नीचे तजना नदी किनारे फेंक दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ मंगल सिंह जामुदा, खूंटी थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह, सोयको थाना प्रभारी पी।आर। पांडेय समेत पुलिस के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए तथा फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की सहायता से जांच शुरू की। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, नेहा कुमारी की बहन की शादी शनिवार को निर्धारित थी। शादी समारोह में शामिल होने के लिए नेहा अपने बच्चों को ससुराल से लाने के उद्देश्य से पड़ोसी अरुण कुमार राणा के साथ करंज थाना क्षेत्र के डोरिया गांव जा रही थीं। इसी दौरान दोनों रास्ते में लापता हो गए थे। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की सूचना संबंधित थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस को घटनास्थल से शादी का एक निमंत्रण पत्र मिला, जिसके आधार पर मृतकों की पहचान की गई और परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दोनों परिवारों के सदस्य खूंटी पहुंचे और शवों की पहचान की। मृतका के पिता ने नेहा के पति कुंदन प्रमाणिक पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं दोनों परिवारों का आरोप है कि गुमशुदगी की सूचना देने के बावजूद संबंधित थाना पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण यह दर्दनाक घटना हुई। फिलहाल पुलिस हत्या के कारणों, घटनाक्रम और आरोपियों की पहचान के लिए सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।





## हाईवा ने सीआरपीएफ जवान को रौंदा, अस्पताल ले जाने के दौरान मौत

**आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम**



चतराः जिले के सिमरिया-चतरा मुख्य मार्ग स्थित देल्हो घाटी में गुरुवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई।सीआरपीएफ जवान का नाम लक्ष्मण कुमार यादव (28 वर्ष) है।मृतक थाना क्षेत्र के बिराजपुर गांव का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक मृत जवान जम्मू-कश्मीर में तैनात थे और तीन दिन पहले ही पंद्रह दिन की छुट्टी पर अपने घर आए थे। लक्ष्मण गुरुवार को बाइक से सिमरिया की ओर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से कटकमसांडी रेलवे साइडिंग में कोयला खाली कर आ रहे तेज रफ्तार हाईवा ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने उसे घायलावस्था में सिमरिया रेफरल अस्पताल भेजा, जहां स्थिति गंभीर देख हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहां भी स्थिति देख रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।रांची रिम्स ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं इस हादसे के विरोध में आक्रोशित लोगों ने मुवावजा की मांग को लेकर गुरुवार की शाम 5 बजे से सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित ग्रामीण और परिजन पब्लिक सड़क से कोयला परिवहन रोकने की मांग कर रहे हैं। जाम के कारण पूरी सड़क अवरुद्ध है और आवागमन ठप्प पड़ा हुआ है। सिमरिया के अंचलाधिकारी गौरव कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि चतरा डीसी ने मामले में संज्ञान लेकर चतरा सदर सीओ और थाना प्रभारी की देखरेख में शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। अंचलाधिकारी ने बताया कि सरकारी प्रावधानों के तहत मुवावजा दिया जाएगा। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट कंपनी से भी मुवावजा की बात की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रशासन मृतक के परिजनो को अधिक से अधिक लाभ देने की कोशिश कर रही है। वहीं समाचार लिखे जाने तक 19 घंटों से लगा जाम नहीं हटा था। मौके पर मौजूद पदाधिकारी जाम हटाने के लिए ग्रामीणों से वार्ता कर रहे हैं।

## ओझा गुणी के शक में वृद्ध की हत्या

✔ हत्या के बाद घटनास्थल पर ही बैठी रही आरोपी महिला

**संवाददाता**

लातेहारः जिले के बालूमाथ थाना अंतर्गत गुरतुर गांव में शुक्रवार को एक सनसनीखेज हत्या की घटना घटी है। जहां 65 वर्षीय वृद्ध केशव राम की हत्या एक महिला ने ओझा गुणी के शक में कर दी। घटना के बाद आरोपी महिला घटनास्थल पर ही बैठी रही। जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी महिला को हिरासत में लेकर मामले की छानबीन कर रही है। केशव राम शुक्रवार को अपने घर के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान महिला सुनीता कुमारी वहां पहुंची और दोनों में विवाद होने लगा। इसके बाद सुनीता कुमारी ने टांगी लेकर दौड़ते हुए केशव राम पर हमला कर दिया। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक महिला ने बुजुर्ग पर कई हमले कर दिए, जिससे केशव राम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर बैठी रही आरोपीः घटना के बाद आरोपी महिला घटनास्थल से भागने के बदले वहीं पर बैठी रही। इधर घटना की जानकारी होने के बाद मृतक के पुत्र ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मृतक केशव राम के पुत्र संजय राम ने आरोप लगाया कि उसके पिता की हत्या जब महिला द्वारा टांगी से मार कर की जा रही थी तो कई लोग वहां सिर्फ तमाशा देख रहे थे। अगर स्थानीय लोग कुछ बीच बचाव करते तो उसके पिता की हत्या नहीं होती।

कुछ वर्ष पहले महिला के पिता की हुई थी मौतः आरोपी महिला का कहना है कि केशव राम डायन भूत कर उसके परिवार को परेशान कर रहा था। महिला का आरोप है कि केशव राम ने सबसे पहले ओझा गुणी कर उसके पिता की हत्या की है। उसके बाद अब उसके पारिवारिक जीवन में भी ओझा गुणी के सहारे परेशानी पैदा कर रहा था। महिला को शक था कि केशव राम के डायन भूत किए जाने के कारण ही उसका पारिवारिक जीवन परेशानी में पड़ गया था। पिछले 3 महीने से महिला अपने मायके में ही रह रही थी। ओझा गुणी के शक में ही महिला ने वृद्ध व्यक्ति केशव राम की हत्या कर दी।

मामले की छानबीन में जुटी पुलिसः मामले को लेकर थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। मृतक के शव को कब्जे में ले लिया गया है। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से भी अपील की कि अंधविश्वास के चक्कर में ना पड़ें। ओझा गुणी, डायन-बिसाही जैसे मामले सिर्फ काल्पनिक होते हैं।

**समान वरिष्ठता की मांग वाली याचिका पर कोर्ट का आया फैसला**

## टीजीटी शिक्षकों को 12 सप्ताह के अंदर समान वरिष्ठता अपग्रेड वेतनमान व वेतन वृद्धि का लाभ दे सरकार

**मेट्रो रेज**

रांची : हाई स्कूल में ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर (विज्ञापन संख्या 21/2016 ) नियुक्ति परीक्षा में प्रशासनिक कारणों से देर से नियुक्त हुए अभ्यर्थियों की ओर से समान वरिष्ठता, अपग्रेड वेतनमान व वेतन वृद्धि का आग्रह करने वाली अजय कुमार एवं सहित आठ याचिकाओं पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने प्रार्थियों याचिका स्वीकार करते हुए राज्य सरकार को 12 सप्ताह के भीतर टीजीटी शिक्षकों को समान वरिष्ठता, अपग्रेड वेतनमान व वेतन वृद्धि का लाभ देने का निर्देश दिया है।

दरअसल प्रार्थियों ने इसी नियुक्ति परीक्षा से उनसे पहले नियुक्त हुए उम्मीदवारों के बराबर उनकी भी वरिष्ठता मानी जाने का आग्रह किया था। कहा था कि उनकी नियुक्ति भले ही देरी से हुई हो, लेकिन वह भी उसी परीक्षा (विज्ञापन संख्या 21/2016) से नियुक्त हुए हैं, जिससे उनके समकक्ष अभ्यर्थी वर्ष 2019 में नियुक्त हुए थे।




**पेपर लीक मामला : आरोपी योगेश प्रसाद को मिली जमानत**

**रांची :** उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले में आरोपी योगेश प्रसाद को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद उसकी जमानत याचिका स्वीकार कर ली। यह मामला तमाड़ थाना कांड संख्या 21/2026 से संबंधित है।

आरोप है कि उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान सक्रिय सॉल्वर गैंग और कथित पेपर लीक नेटवर्क से योगेश प्रसाद का संबंध था। पुलिस ने जांच के दौरान रंगामाटी क्षेत्र में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद निचली अदालत में दायर उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी, जिसके बाद उसने झारखंड हाई कोर्ट का रुख किया। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई कि जांच के दौरान योगेश प्रसाद के खिलाफ पेपर लीक में प्रत्यक्ष संलिप्तता का कोई ठोस साक्ष्य सामने नहीं आया है। अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि उसके मुवक्किल पर केवल कुछ अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड उपलब्ध कराने का आरोप है, जबकि पेपर लीक का आरोप प्रमाणित नहीं हुआ है।

## मुकदमे की रफ्तार पर घोंघा भी उठाएगा सवाल सुप्रीम कोर्ट में भड़के जज, 9 साल से दर्ज हो रहे सबूत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** न्याय प्रणाली में होने वाली देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर गहरी चिंता जताते हुए बेहद सख्त और तीखी टिप्पणी की है। एक पुराने मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मुकदमे की रफ्तार इतनी धीमी है कि इस पर एक घोंघा भी सवाल उठा सकता है। अदालत ने हैरानी जताते हुए कहा कि यह मुकदमा साल 2015 में दायर किया गया था, लेकिन 9 साल बीत जाने के बाद 2026 तक भी इसमें वादी के साक्ष्य (सबूत) ही दर्ज किए जा रहे हैं।

**क्या है पूरा मामला?**

जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ एक निजी कंपनी की अपील पर सुनवाई कर रही थी। इस कंपनी ने फरवरी 2025 में दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिए गए एक आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। दरअसल, कंपनी ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक अर्जी लगाकर लंबित मुकदमे में कुछ नए और अतिरिक्त दस्तावेज रिकॉर्ड पर लाने और एक गवाह को दोबारा जिरह (पूछताछ) के लिए बुलाने की मांग की थी। लेकिन हाईकोर्ट ने इस अर्जी को खारिज कर दिया था। आपको बता दें कि यह मूल मुकदमा मई 2015 में दायर हुआ था और बाद में जनवरी 2018 में इसे वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 के तहत वाणिज्यिक मुकदमे के रूप में दर्ज कर लिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की कंपनी की अपीलः सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए कंपनी की अपील को सिरे से खारिज कर दिया। अदालत ने कंपनी की इस दलील को भी अमान्य कर दिया कि नए दस्तावेजों की अहमियत पर विचार किया जाना चाहिए। पीठ ने स्पष्ट शब्दों में कहा, जिन दस्तावेजों को अब रिकॉर्ड पर लाने की कोशिश की जा रही है, वे मुकदमा दायर होते समय भी कंपनी के पास मौजूद थे और बाद में जब अतिरिक्त साक्ष्य पेश किए गए, तब भी वे कंपनी के पास ही थे। टुकड़ों में कार्यवाही को नहीं दी जा सकती मंजूरीः पीठ ने सख्त लहजे में कहा कि अगर इस तरह के आवेदनों को बार-बार मंजूरी दी गई, तो इसका सीधा मतलब यह होगा कि अदालत वाणिज्यिक मुकदमों में टुकड़ों-टुकड़ों में कार्यवाही करने के तरीके को बढ़ावा दे रही है। अदालत ने इस बात पर भी जोर दिया कि कंपनी को इससे पहले एक बार अतिरिक्त सबूत रिकॉर्ड पर लाने की अनुमति दी जा चुकी है। यह अनुमति 30 जनवरी 2018 को दी गई थी, लेकिन उसी आधार पर दूसरा आवेदन सालों बाद नवंबर 2023 में दायर किया गया। अंत में, सुप्रीम कोर्ट ने अपील को खारिज करते हुए निचली अदालत को निर्देश दिया है कि इस मुकदमे पर जितनी जल्दी संभव हो सके, अंतिम फैसला सुनाया जाए।



**गुरुग्राम में गोलियों की गड़गड़ाहट से दहला इलाका**

## एनकाउंटर में नांदल गैंग के 4 शूटर ढेर, 3 पुलिसकर्मी घायल

**एजेंसी**

**गुरुग्राम :** साइबर सिटी का बेहद सुरक्षित माना जाने वाला सुशांत लोक इलाका गुरुवार रात अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। विदेश में बैठे कुख्यात गैंगस्टर दीपक नांदल के गुर्गों ने एक मशहूर कारोबारी के घर पर खौफ फैलाने के लिए धावा बोल दिया। लेकिन इससे पहले कि बदमाश अपने नापाक मंसूबों में पूरी तरह कामयाब हो पाते, पुलिस की क्राइम ब्रांच टीमों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। खुद को घिरता देख शूटर्स ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद हुई भीषण मुठभेड़ में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए चार बदमाशों को मौत की नींद सुला दिया, जबकि एक अन्य शूटर गंभीर रूप से घायल है। इस खूनी संघर्ष में बदमाशों का डटकर मुकाबला करते हुए तीन पुलिसकर्मी भी गोली लगने से जख्मी हुए हैं। बंधक बने परिवार के सामने बरस रही थीं गोलियांः पुलिस कंट्रोल रूम को गुरुवार रात सूचना मिली थी कि सुशांत लोक फेज-2 में एक संदिग्ध स्कॉर्पियो कार घूम रही है, जिसमें भारी हथियारों से लैस अपराधी सवार हैं। सूचना मिलते ही हरकत में आई क्राइम ब्रांच की कई टीमें जब मौके पर पहुंचीं, तो वहां का नजारा खौफनाक था। स्कॉर्पियो सवार शूटर एसजीटी यूनिवर्सिटी के संस्थापक के बेटे और प्रॉपर्टी डीलर विशाल बेरी के घर पर अंधाधुंध गोलियां बरसा रहे थे। घर के अंदर मौजूद डरा-सहमा बेरी परिवार बंधक जैसी स्थिति में फंस गया था।

सरेंडर की चेतावनी पर पुलिस पर ही किया हमलाः विशाल बेरी को पिछले कुछ दिनों से विदेश में छिपा इनामी गैंगस्टर दीपक नांदल रंगदारी के लिए लगातार धमकियां दे रहा था। फिरौती की रकम नहीं मिलने पर ही उसने दहशत पैदा करने के लिए इन शूटर्स को भेजा था। क्राइम ब्रांच ने जब फुर्ती दिखाते हुए इन अपराधियों को घेरकर सरेंडर करने की चेतावनी दी, तो बदमाशों ने हथियार डालने के बजाय पुलिस टीम पर ही फायरिंग शुरू कर दी और वहां से भागने की कोशिश करने लगे। इसके बाद पुलिस ने भी आत्मरक्षा और अपराधियों को दबोचने के लिए जवाबी फायरिंग की।

अस्पताल में हुई चार हमलावरों की मौतः दोनों तरफ से हुई इस सीधी मुठभेड़ में पुलिस की गोलियां लगने से पांचों शूटर वहीं गिर पड़े। पुलिस ने तुरंत सभी घायल अपराधियों को पास के ही एक निजी सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने चार बदमाशों को मृत घोषित कर दिया। पांचवें शूटर की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। बदमाशों की गोलियों का शिकार हुए तीन जांबाज पुलिसकर्मियों को भी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनके इलाज में जुटी है। साजिश का पदार्फाश और साक्ष्यों की जांचः शुरूआती जांच में यह साफ हो गया है कि इस वारदात का मास्टरमाइंड गैंगस्टर दीपक नांदल ही है। उसने दहशत फैलाने के लिए किराये की स्कॉर्पियो कार का इस्तेमाल किया था, जिसकी नंबर प्लेट को काले पेंट से आधा छिपा दिया गया था। यह गैंगस्टर इससे पहले भी मशहूर सिंगर फाजिलपुरिया सहित कई नामचीन लोगों से रंगदारी मांग चुका है और पुलिस पहले भी इसके गुर्गों को पकड़ चुकी है। घटना के तुरंत बाद डीसीपी (क्राइम) और डीसीपी (ईस्ट) भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक और सीन-ऑफ-क्राइम टीमों ने घटनास्थल से खाली कारतूस, बदमाशों के हथियार और गाड़ी की जांच कर कई अहम साक्ष्य जुटाए हैं। एहतियात के तौर पर पीड़ित कारोबारी को पुलिस सुरक्षा मुहैया करा दी गई है।



## कलयुगी मां-बाप ने मासूमों को गर्म लोहे और सिगरेट से दागा, तोड़ दी हड्डी

दंपत्ति ने अपनी निजी जिंदगी और आजादी में रुकावट मानते हुए अपने ही दो छोटे-छोटे बच्चों को ऐसी भयानक यातनाएं दीं

**एजेंसी**

**सूर्यापेट :** खून के रिश्तों को तार-तार कर देने वाली एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसे सुनकर किसी का भी कलेजा कांप उठेगा। जिन हाथों का काम बच्चों की हिफाजत करना और उन्हें दुलारना होता है, उन्हीं हाथों ने दो मासूमों की जिंदगी नर्क बना दी। तेलंगाना के हुजूरनगर में एक निर्दयी दंपत्ति ने अपनी निजी जिंदगी और आजादी में रुकावट मानने पर अपने ही दो छोटे-छोटे बच्चों को ऐसी भयानक यातनाएं दीं, जो कोई दुश्मनों को भी न दे। घर की चारदीवारी के अंदर इन मासूमों को गर्म लोहे की रॉड, करछुल और सिगरेट से जलाकर अपना गुस्सा उतारा गया। पड़ोसियों की सतर्कता से बची मासूमों की जानः इस बर्बरता का पदार्फाश तब हुआ जब बच्चों के दर्द से चीखने-चिल्लाने की आवाजें लगातार पड़ोसियों तक पहुंचने लगीं। 43 वर्षीय ट्रक ड्राइवर नकिरीकांती रवि और उसकी पत्नी इंदु बंद दरवाजे के पीछे अपने पांच और दो साल के बच्चों पर बेतहाशा जुल्म ढा रहे थे। जब लोगों ने किसी तरह बच्चों को देखा तो उनकी रूह कांप गई। बच्चों के शरीर पर जलने और गहरे घाव के कई निशान थे, जबकि छोटे बच्चे की कलाई की हड्डी तक टूटी हुई थी। पड़ोसियों ने बिना कोई देरी किए तुरंत पुलिस को इस पूरी हैवानियत की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस, आईसीडीएस और चाइल्डलाइन की टीम मौके पर पहुंची और फौरन बच्चों को रेस्क्यू कर मेडिकल मदद के लिए अस्पताल पहुंचाया। पूछताछ में सामने आई रोंगटे खड़े कर देने वाली वजहः पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद इन दरिंदे माता-पिता ने जो वजह बताई, वह किसी को भी हैरान कर देगी। दरअसल, रवि ने करीब एक दशक पहले अपनी पहली पत्नी से अलग होने के बाद इंदु से दूसरी शादी की थी। इंदु भी तलाकशुदा थी। इनमें से एक बच्चा रवि की पहली शादी का है, जबकि दूसरा बच्चा इंदु का है। पूछताछ में इस क्रूर जोड़े ने बेशर्मी से कबूल किया कि वे इन दोनों बच्चों को अपनी निजी जिंदगी और आजादी में सबसे बड़ी रुकावट मानते थे। इसी झुंझलाहट और गुस्से को निकालने के लिए वे रोज मासूमों के शरीर को गर्म चीजों से दागते थे।



## न्यूज IN ब्रीफ

### तीन विकास योजनाओं का हुआ शिलान्यास



**मुरी :** सिल्ली विधानसभा के राहे प्रखंड अंतर्गत तीन विकास योजना का शिलान्यास सिल्ली विधायक अमित महतो की उपस्थिति में गांव के वृद्ध माताओं के हाथों से किया गया। सर्वप्रथम कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय राहे में स्नानागार एवं शौचालय निर्माण की आधारशिला कमला देवी ने रखी। जहां विधायक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के प्रति उत्साहित किया एवं मानव जीवन में शिक्षा का महत्व को बताया। विद्यालय के छात्राओं ने भी विधायक का तालियों के गड़गड़ाहट से स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया। मौके पर विद्यालय के वार्डन विमला कुमारी भी मौजूद रही। इसके पश्चात अंबाझरिया में 500 एमटी क्षमता वाले गोदाम की आधारशिला आलोमनी देवी के कर कमलो से हुआ। अंत में नवागांव बोटेशोकरा भाया महेशपुर पुरनानगर उरांवडीह रोड का सुदृढ़ीकरण हेतु कोकिला देवी के करकमलों से शिलान्यास पट का अनावरण किया गया। मौके पर राहे थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, जिप सदस्य बादल महतो,जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष पशुपति अहीर, प्रखंड सचिव सवेश्वर महतो, संगठन सचिव अमीष महतो, प्रखंड कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, उपाध्यक्ष संदीप अहीर, प्रकाश महतो, महेन्द्र प्रसाद, गोवर्धन अहीर, गोपेश्वर महतो, वीरसिंह मुंडा, श्रषिकेश, पूर्व मीलिटरी महेन्द्र महतो, दिलेशवर, देवगु न, किसलय महतो,संतोष महतो समेत कई गणमान्य व्यक्ति, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### पीएम श्री कस्तुरबा आवासीय बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर लगा

**मुरी:** बारिश में मौसमी बीमारी को लेकर सिल्ली कस्तुरबा आवासीय विद्यालय में छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। जांच में मलेरिया, बुखार, एनीमिया आदि के जांच के उपरांत स्वास्थ्य संबंधी सावधानी को लेकर परार्मश दिया गया। वार्डन चन्द्रिका छात्राओं के स्वास्थ्य जांच को लेकर काफी सावधानी रहती है।

### दुकानदार से 1200 रुपये की हुई ठगी

**मुरी :** खुद को सीबीआई का आदमी बता कर रेलवे नीचे मार्केट होटल के दुकानदार से 1200/- रुपए की ठगी कर ली। वह व्यक्ति अपने को उच्च अधिकारी बता कर और रेलवे मार्केट में कुछ लोगों को खामियां बता कर धौंस जमा रहा था। इसी महौल का फायदा उठाकर होटल दुकान दार से बारह सौ रुपए ऐंठ लिया और स्टेशन की ओर चलते बना। रेलवे मार्केट के लोगों को लगा कि कोई अनजान व्यक्ति धौंस जमा कर ठगी का काम किया है। इस बात को लेकर आरपीएफ के जान पहचान स्टाफ को फोन लगा कर सुचना दे दी गई। इस पर पुलिस त्वरित कार्यवाही कर तीन नम्बर प्लेटफार्म से धर दबोचा। उससे कड़ी पूछताछ की जा रही है।

### 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90% से ज्यादा अंक लाने वाले विद्यार्थी होंगे सम्मानित

रांचीः सात साल की लंबी अवधि के बाद कल्याण विभाग एक बार फिर कल्याण सम्मान समारोह आयोजित करने जा रहा है। अंतिम बार यह सम्मान समारोह 2019 में हुआ था। इस बार 10वीं और 12वीं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी स्कूलों के टॉपरों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

विभागीय मंत्री चमरा लिंडा ने जुलाई में समारोह आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद विभाग के संयुक्त सचिव जावेद अनवर इदरीसी ने सभी जिला कल्याण पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर संबंधित विद्यालयों से सत्यापित आंकड़े जुटाकर विभाग को भेजने का निर्देश दिया है। इस बार समारोह की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि हर स्कूल के टॉपर को भी कल्याण सम्मान मिलेगा। विभाग का मानना है कि इससे विद्यालयों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, छात्रों का मनोबल ऊंचा होगा और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी। यह पहल राज्य के मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।

विभाग ने 10वीं-12वीं के टॉपरों के नाम मांगेः विभाग ने स्कूलों से 10वीं और 12वीं के टॉपरों के नाम, प्राप्तांक, प्रतिशत और संकायवार विवरण मांगा है। इसके अलावा 90% या उससे अधिक अंक पाने वाले सभी विद्यार्थियों की सूची, शैक्षणिक सत्र 2025-26 का विद्यालयवार परीक्षा परिणाम तथा वर्तमान प्रधानाध्यापकों की जानकारी भी उपलब्ध कराने को कहा गया है। चयन प्रक्रिया में किसी प्रकार की विसंगति न हो, सभी सूचनाएं प्रमाणित व सत्यापित होना अनिवार्य किया गया है।

समारोह स्थल चयनित करने का निदेर्शः समारोह की तैयारियों के तहत स्थल चयन, मुख्य अतिथियों और प्रतिभागियों के ठहरने सहित अन्य व्यवस्थाओं के निर्देश भी दिए गए हैं। शुक्रवार को कल्याण आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक होगी। इसमें समारोह की तिथि और स्थल को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### बाइक सवार शिक्षक को हाइवा ने कुचला, हालत गंभीर



**चतरा :** शहर के बस स्टैंड के समीप खराब सड़क और जानलेवा गड्ढों के कारण गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया है। सड़क पर बने गड्ढे के कारण एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर पड़ा, तभी वहां से गुजर रहे कोयला और फ्लाई ऐश (राख) लदे एक हाइवा का चक्का उसके बाएं हाथ पर चढ़ गया। इस दर्दनाक हादसे में युवक का हाथ पूरी तरह चकनाचूर हो गया है और शरीर पर भी गंभीर चोटें आई हैं। घायल युवक की पहचान दिभा मोहल्ला निवासी शिवदयाल शर्मा के रूप में हुई है,जो सरकारी शिक्षक हैं। घटना के वक्त हाइवा चतरा से सिमरिया की ओर जा रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल शिवदयाल को इलाज के लिए चतरा के सदर अस्पताल पहुंचाया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हाइवा को जब्त कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में 14 एमओयू पर हस्ताक्षर

# झारखंड बनेगा स्पोर्ट्स और टूरिज्म का बड़ा हब, इज माई ट्रिप संग एमओयम, मेकमायट्रिप भी साझेदारी को तैयार



**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड सरकार द्वारा नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन-2026 के दूसरे दिन आयोजित बिजनेस-टू-गवर्नमेंट (बीटूजी) संवाद के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश-विदेश के प्रमुख उद्योग संगठनों, वैश्विक निवेशकों तथा कारपोरेट प्रतिनिधिमंडलों के साथ कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं।

इन बैठकों में पर्यटन, विनिर्माण, हरित ऊर्जा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, औद्योगिक अवसंरचना तथा निवेश के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग वी कुएन के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के साथ दीर्घकालिक साझेदारी स्थापित करने में गहरी रुचि व्यक्त की।

बैठक में निवेश आकर्षित करने, विश्वस्तरीय स्किल सेंटर एवं सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना, सिंगापुर के सफल व्यावसायिक प्रशिक्षण मॉडल को अपनाने, उद्योग एवं कौशल मानचित्रण तथा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई।

प्रतिनिधिमंडल ने चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान, अस्पताल अवसंरचना और प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थानों के साथ साझेदारी की संभावनाओं पर भी विचार साझा किए।

साथ ही राज्य के उद्योगों, कार्यबल एवं कौशल आवश्यकताओं का व्यापक मानचित्रण कर प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने तथा निवेश एवं क्षमता निर्माण के लिए एक लक्षित रोडमैप तैयार करने का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री ने इन सुझावों का स्वागत करते हुए भविष्य की साझेदारी के लिए एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना तैयार करने का भरोसा दिया।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआई) के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड में सौर एवं पवन ऊर्जा, स्मार्ट मीटरिंग, ट्रांसमिशन अवसंरचना, ग्रिड आधुनिकीकरण, सोलर सेल एवं मॉड्यूल निर्माण तथा डिजिटल ऊर्जा प्रबंधन के क्षेत्र में निवेश संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किए।

मुख्यमंत्री ने इन प्रस्तावों की सराहना करते हुए राज्य में हरित ऊर्जा आधारित औद्योगिक विकास को गति देने के लिए निरंतर संवाद एवं सहयोग का आश्वासन दिया।

फिक्की के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड को प्रकृति पर्यटन, डेस्टिनेशन वेडिंग, स्पोर्ट्स टूरिज्म तथा एमआइसीई पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए पर्यटन अवसंरचना, डेस्टिनेशन मैनेजमेंट, प्रशिक्षित स्थानीय पर्यटक गाइड, आतिथ्य क्षेत्र में सुधार तथा बेहतर संपर्क व्यवस्था विकसित करने के सुझाव दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को रोजगार सृजन और आर्थिक विकास का सशक्त माध्यम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ईजमाईट्रिप के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड सरकार के साथ पर्यटन संवर्धन के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की।

कंपनी ने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करने के लिए प्रमुख ट्रैवल इन्फ्लुएंसर्स एवं डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को झारखंड लाने की योजना साझा की।

मुख्यमंत्री ने इस पहल का स्वागत करते हुए राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। दूसरी ओर, मेकमाईट्रिप के प्रतिनिधियों ने भी अपने डिजिटल प्लेटफार्म एवं व्यापक विपणन नेटवर्क के माध्यम से झारखंड के पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार में राज्य सरकार के साथ साझेदारी करने की इच्छा व्यक्त की, जिससे राज्य की पर्यटन क्षमता को व्यापक पहचान मिल सके।

मुख्यमंत्री ने हीरो साइकिल्स एवं एवन साइकिल्स के प्रतिनिधियों के साथ झारखंड में साइकिल एवं ई-साइकिल विनिर्माण इकाइयों की स्थापना पर भी विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योग-अनुकूल नीतियों, पर्याप्त औद्योगिक भूमि, मजबूत इस्पात आधारित औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र, बेहतर लाजिस्टिक्स तथा कुशल मानव संसाधन के माध्यम से निवेशकों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

बैठक में 500 करोड़ रुपये से 1,000 करोड़ रुपये तक के संभावित निवेश के माध्यम से समेकित विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने तथा बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में फिक्की टूरिज्म फेडरेशन ने रांची में अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला गोल्फ कोर्स एवं गोल्फ पर्यटन केंद्र विकसित करने का प्रस्ताव रखा।

स्पोर्ट्स टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावाः मुख्यमंत्री ने इस परियोजना के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे स्पोर्ट्स टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, आतिथ्य एवं रियल एस्टेट क्षेत्र को नई गति मिलेगी, रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा झारखंड राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और सशक्त रूप से उभरेगा। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार के साथ मिलकर इस परियोजना को आगे बढ़ाने की सहमति जताई।

बैठकों के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड सरकार उद्योग-अनुकूल नीतियों और निरंतर संवाद के माध्यम से राज्य में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन बैठकों से प्राप्त सुझाव एवं संभावित साझेदारियां झारखंड को निवेश, उद्योग, पर्यटन, हरित ऊर्जा और सतत आर्थिक विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## चुट्टूपालू घाटी में लकड़ी लदा ट्रक पलटा, ड्राइवर गंभीर



**संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले के चुट्टूपालू घाटी में एक लकड़ी लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस सड़क दुर्घटना में ड्राइवर अंदर ही फंस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल ड्राइवर को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, लकड़ी लदा ट्रक रांची से हजारीबाग की ओर जा रहा था। इस दौरान तीखा मोड़ होने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर 30 फीट गड्ढे में गिर गया और ड्राइवर अंदर फस गया। सूचना मिलते ही रामगढ़ पुलिस व स्थानीय लोग वहां पहुंचे और ड्राइवर को निकालने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उसे कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया और इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। खबर लिखे जाने तक ड्राइवर की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस ड्राइवर की पहचान के लिए गाड़ी के पेपर की खोजबीन कर रही है।

बता दें कि चुट्टूपालू घाटी में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। पुलिस प्रशासन ने घाटी में ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाए हैं। फिर भी सड़क पर दुर्घटनाएं कम नहीं हो रही है।

## कुएं में मिला युवती का शव, इलाके में फैली सनसनी

**संवाददाता**

**चतरा :** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिद्की गांव में गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक कुएं से एक युवती का शव बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए।घटना की जानकारी मिलने पर प्रतापपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है।

प्रतापपुर थाना आलोक चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## चतरा पहुंची झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति



### अनागत प्रश्नों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश

**संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति गुरुवार को चतरा पहुंची।चतरा आगमन पर झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सुरेश पासवान एवं समिति के सदस्य नरेश प्रसाद सिंह तथा राम सूर्या मुण्डा का अपर समाहर्ता अरविंद कुमार ने चतरा परिसदन में पौधा भेंट कर स्वागत किया। इसके उपरांत परिसदन सभागार में समिति अध्यक्ष सुरेश पासवान की अध्यक्षता में अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा से प्राप्त अनागत प्रश्नों के निष्पादन की विभागवार अद्यतन स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान समिति अध्यक्ष सुरेश पासवान ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विधानसभा से प्राप्त अनागत प्रश्नों का समयबद्ध, तथ्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्तर निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करते हुए विभागीय समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जनहित से जुड़े विषयों का प्रभावी एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित हो सके।

समीक्षा के क्रम में विशेष प्रमंडल, स्वास्थ्य, कृषि, पथ निर्माण, जल संसाधन, विद्युत, कल्याण, पर्यटन, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले, नगर परिषद तथा खनन सहित विभिन्न विभागों से संबंधित अनागत प्रश्नों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित विभागीय पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की अद्यतन स्थिति, लंबित मामलों एवं उनके निष्पादन की जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की।

समिति ने निर्देश दिया कि विधानसभा से प्राप्त सभी अनागत प्रश्नों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। बैठक में समिति सदस्य नरेश प्रसाद सिंह एवं राम सूर्या मुण्डा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी (दक्षिणी) मुकेश कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी (उत्तरी) राहुल मीणा, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, जिला परिवहन पदाधिकारी माहेश्वरी प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नीतू सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय 65वीं अंतरराष्ट्रीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू





**संवाददाता**

**चतरा :** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में गुरुवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रांची के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय 65वीं अंतरराष्ट्रीय तीन दिवसीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रखंडों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला योजना पदाधिकारी सह गोपनीय प्रभारी शिशिर कुमार, विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती कंचन कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, जिला ओलंपिक संघ के सचिव राकेश कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता 09 जुलाई से 11 जुलाई 2026 तक आयोजित है। प्रतियोगिता में अंडर-17 बालक, अंडर-17 बालिका एवं अंडर-15 बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिता के प्रथम दिन अंडर-17 बालिका वर्ग के मुकाबले खेले गए, जिसमें जिले के चतरा, सिमरिया, टंडवा, लावालौंग, कुन्दा, प्रतापपुर, हंटरगंज, कान्हाचट्टी, इटखोरी, मयूरहण्ड, गिद्धौर एवं पत्थलगड्डा प्रखंडों की टीमों ने भाग लिया।प्रथम दिन खेले गए मुकाबलों में चतरा ने हंटरगंज, कुन्दा ने इटखोरी, कान्हाचट्टी ने प्रतापपुर तथा सिमरिया ने पत्थलगड्डा को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं गिद्धौर, लावालौंग, टंडवा एवं मयूरहण्ड की टीमों ने बाय के आधार पर अगले चरण के लिए क्वालीफाई किया।प्रतियोगिता के अन्य मुकाबले निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी हैं। इस अवसर पर एडीपीओ राकेश पांडेय, एपीओ विनय जायसवाल, जिला नोडल खेल पदाधिकारी दीपक कुमार, राघवेंद्र चौधरी, संतोष कुमार सिंह सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, शिक्षक, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### आयुष्मान भारत योजना के बेहतर और समयबद्ध संचालन को लेकर बैठक

# रिम्स में ऑनलाइन भर्ती-डिस्चार्ज की प्रक्रिया अनिवार्य आयुष्मान योजना के तहत कैशलेस इलाज पर जोर

**संवाददाता**

**रांची :** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में आयुष्मान भारत योजना के बेहतर और समयबद्ध संचालन को लेकर समीक्षा बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता निदेशक ने की। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक, आयुष्मान भारत के नोडल पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और अन्य अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में सी-डैक की ओर से विकसित हॉस्पिटल इन्फॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एचआईएमएस) से जुड़े सभी लंबित काम तय समय के भीतर पूरे करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी विभागों में मरीजों की भर्ती (एडमिशन) और छुट्टी (डिस्चार्ज) की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन लागू करने पर जोर दिया गया।

बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि आयुष्मान भारत योजना



का लाभ अधिक से अधिक पात्र मरीजों तक कैसे पहुंचाया जाए। इसके लिए योजना के तहत इलाज की सुविधाओं का दायरा बढ़ाने और तकनीकी, प्रशासनिक तथा मानव संसाधनों को और मजबूत करने का फैसला लिया गया।

सभी विभागों को योजना के प्रभावी संचालन के लिए जरूरी निर्देश दिए गए। साथ ही डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण देने पर सहमति बनी, ताकि ऑनलाइन व्यवस्था बिना किसी परेशानी के चल सके।

निदेशक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना का मकसद पात्र मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और कैशलेस इलाज उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल, डिजिटल व्यवस्था का प्रभावी इस्तेमाल और तय समय में काम पूरा करना जरूरी है।

### 12 जुलाई से बदलेगा मौसम, रांची समेत कई जिलों में बारिश के आसार

**रांची:** बंगाल की खाड़ी में फिर से निम्न दबाव बनने की संभावना है। इससे रांची समेत झारखंड के कई जिलों में 12 जुलाई से मौसम में बदलाव संभव है। कहीं-कहीं गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं, 13 जुलाई को देवघर, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, धनबाद, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम व सरायकेला में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र ने इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान रांची सहित अन्य जिलों में आकाश में बादल छाये रहेंगे। इधर, झारखंड में एक जून से नौ जुलाई तक सामान्य से 37 प्रतिशत बारिश कम हुई है। जबकि, रांची में सामान्य से 11 प्रतिशत बारिश कम हुई है। गुरुवार को रांची में कई जगहों पर छिटपुट बारिश हुई है। सबसे अधिक सिमडेगा में छह मिमी बारिश हुई है।

**रांची का पारा 2.8 डिग्री सेल्सियस गिरा**

बारिश होने व आकाश में बादल छाये रहने से रांची का अधिकतम तापमान पिछले 24 घंटे में 2.8 डिग्री सेल्सियस गिर गया है। गुरुवार को रांची का अधिकतम तापमान 26.3 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रहा. वहीं, मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री, बोकारो का 33.5 डिग्री व जमशेदपुर का 31.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

# विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर 11 जुलाई को जागरूकता शिविर, मतदाताओं से भागीदारी की अपील

**मेट्रो रेज**

**रांची:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से 11 जुलाई 2026 (शनिवार) को जागरूकता एवं सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक सीपीआई (एम) कार्यालय, विश्वकर्मा मंदिर लेन, कश्मीर वस्त्रालय, मेन रोड, रांची के सामने आयोजित होगा।

सैयद फराज अब्बास ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं अपना रक्क़ फॉर्म भरें तथा अपने परिवार, पड़ोस और आसपास के लोगों को भी इस प्रक्रिया में सहयोग करें। शिविर में मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, पहले छूटे हुए नाम शामिल कराने, अयोग्य अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा मतदाता सूची में दर्ज गलत या अधूरी जानकारी को



सुधारने संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। सैयद फराज अब्बास ने कहा कि सही और अद्यतन मतदाता सूची मजबूत लोकतंत्र की पहली सीढ़ी है। प्रत्येक नागरिक का वोट उसका लोकतांत्रिक अधिकार और सबसे बड़ी ताकत है। इसलिए किसी भी प्रकार के भ्रम या बहकावे में आए बिना सभी पात्र मतदाताओं को एसआईआर की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही संदेश दिया कि मेरा वोट, मेरा अधिकार , आपका वोट, आपकी ताकत और सही जानकारी दें, सही मतदाता बनें, मजबूत लोकतंत्र बनाएं।

# रांची एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए शुरू हुआ क्लिनिक, संजय सेठ ने किया उद्घाटन

**संवाददाता**

रांचीः बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। अब एयरपोर्ट परिसर में ही 24 घंटे चिकित्सा सहायता उपलब्ध रहेगी। नई मेडिकल सुविधा शुरू होने से यात्रा के दौरान किसी यात्री की तबीयत अचानक बिगड़ने, चोट लगने या अन्य स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति में तुरंत प्राथमिक उपचार और इमरजेंसी मेडिकल सहायता मिल सकेगी। एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग में शुरू हुई इस सुविधा का उद्घाटन गुरुवार को रक्षा राज्यमंत्री एवं रांची एयरपोर्ट की एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी के अध्यक्ष संजय सेठ ने की।

यह सेवा भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल, रांची के सहयोग से शुरू की गई है। एयरपोर्ट पर मेडिकल रूम के साथ 24*7 पूरी तरह से सुसज्जित एम्बुलेंस भी तैनात रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर मरीज को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा। इस सुविधा



का लाभ यात्रियों के साथ-साथ एयरपोर्ट पर कार्यरत कर्मचारियों को भी मिलेगा। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट झारखंड के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है, जहां हर महीने करीब 2.15 लाख यात्रियों की आवाजाही होती है। ऐसे में एयरपोर्ट पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने से आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर इलाज मिलने में काफी मदद मिलेगी। मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, एयरपोर्ट डायरेक्टर विनोद कुमार, उपमहाप्रबंधक प्रचालन मनोज प्रसाद सिंह, डेपुटी कमांडेंट अमित कुमार व अन्य मौजूद थे।

**विमान यात्रियों को मिलेगा तत्काल इलाज : संजय सेठ**

केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 24 घंटे चिकित्सा सेवा शुरू की गई है। अब एयरपोर्ट पर डॉक्टर, प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ और अत्याधुनिक एम्बुलेंस हर समय उपलब्ध रहेंगे। किसी यात्री की तबीयत अचानक बिगड़ने पर या किसी आपात स्थिति में तुरंत प्राथमिक उपचार दिया जाएगा और अस्पताल भी भेजा जा सकेगा।

**12 वर्षों में चार गुणा बढ़ गई यात्रियों की संख्याः**

बिरसा मुंडा हवाई अड्डा ने पिछले 12 वर्षों में यात्री सुविधाओं और परिचालन क्षमता के मामले में काफी प्रगति की है। वर्ष 2014-15 में जहां सालाना 6.15 लाख यात्रियों का आवागमन होता था, वहीं अब यह संख्या 27 लाख पहुंच गई है। इस दौरान नए एटीसी टावर, डीवीओआर आदि की स्थापना की गई।

### झारखंड में बीमा जागरूकता बढ़ाने को लेकर राज्यव्यापी अभियान



रांचीः एसयूडी लाइफ ने झारखंड में राज्यव्यापी बीमा जागरूकता अभियान चलाकर 10 हजार से अधिक लोगों तक पहुंच बनाई। अभियान के तहत रांची, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो और सरायकेला-खरसावां सहित विभिन्न जिलों में 50 ग्राम पंचायत सेमिनार, 50 बाजार जागरूकता कार्यक्रम और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जीवन बीमा के महत्व और वित्तीय सुरक्षा की जानकारी दी गई। एसयूडी लाइफ के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभय तिवारी ने कहा कि कंपनी '2047 तक सभी के लिए बीमा' के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**शैक्षणिक यात्रा के 67 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आरयू में तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह**

# मेधावी छात्र व खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**संवाददाता**

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के 67वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ शुक्रवार को विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में हुआ। वर्ष 1960 में स्थापित विश्वविद्यालय अपनी गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा के 67 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह का आयोजन कर रहा है।

समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड स्टेट एजुकेशन ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष नरेंद्र भगत रहे। कार्यक्रम में कुलपति प्रो (डॉ) सरोज शर्मा, रजिस्ट्रार, डीएसडब्ल्यू, विभिन्न संकायों के डीन, विश्वविद्यालय व संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्य, पूर्व कुलपति, पूर्व रजिस्ट्रार, पूर्व डीएसडब्ल्यू, शिक्षक, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक 'वंदे मातरम्' गायन से हुई, जिसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हो चुके विद्यार्थियों को



विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रांची विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और शोध परंपरा समृद्ध रही है। वर्तमान में विश्वविद्यालय में लगभग 16 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि आगामी शैक्षणिक सत्र पूरी तरह नई शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुरूप संचालित होगा। विश्वविद्यालय केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि कला, संस्कृति, संगीत, नृत्य, फाइन आर्ट्स और शोध गतिविधियों को भी समान महत्व दे रहा है।शोध को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय में रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की स्थापना भी की गई है। कुलपति ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन विद्यार्थियों की कला, संस्कृति व फाइन आर्ट्स प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जबकि 12 जुलाई को समापन समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही पौधरोपण कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का संदेश भी दिया जाएगा।

### सूरज नायक के परिजनों से मिले संजय सेठ व रोशनी खलखो



**रांचीः** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रांची की महापौर रोशनी खलखो ने धुर्वा निवासी स्व। सूरज नायक के परिजनों से उनके आवास पर मुलाकात कर संदिग्ध परिस्थितियों में हुई उनकी मृत्यु के संबंध में जानकारी ली तथा शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान संजय सेठ ने संबंधित पुलिस पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर मामले की निष्पक्ष, गहन एवं त्वरित जांच सुनिश्चित करते हुए दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव उमेश तिवारी ,पार्षद सुचिता रानी राय, पूर्व पार्षद दीपक लोहरा ,भाजपा नेता रामजी प्रसाद ,राजेश पोतन, चंदन पटेल, हिमांशु राज और वहां के आमजन उपस्थित रहे।

# एशियन गेम्स 2026 : भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की चार बेटियों का चयन, हर्ष

- जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक होगा मुकाबला
- 20 सदस्यीय टीम की कमान एक बार फिर सलिमा टेटे को सौंपी गई है

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की चार बेटियों का चयन होने पर पूरे राज्य में खुशी की लहर है। भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे के साथ निक्की प्रधान, ब्यूटी डुंगडुंग और दीपिका सोरेंग के चयन पर हॉकी झारखंड एवं हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

हॉकी झारखंड एवं हॉकी सिमडेगा के प्रतिनिधि मनोज कोनबेगी ने कहा कि एशियन गेम्स जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय आयोजन सहित लगातार विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए झारखंड के खिलाड़ियों का चयन होना राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह सफलता झारखंड सरकार के खेलों के प्रति निरंतर प्रोत्साहन और हॉकी झारखंड के सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है।




उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 के बाद हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह के नेतृत्व में सिमडेगा, खूंटी और गुमला जैसे हॉकी बहुल जिलों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को लगातार प्रोत्साहित किया गया। राज्य स्तरीय टीमों के चयन के लिए खुली चयन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं तथा लंबे प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से पारदर्शी चयन प्रक्रिया अपनाई गई। इसी का सकारात्मक परिणाम आज पूरे देश के सामने है।

मनोज कोनबेगी ने कहा कि पिछले 10-11 वर्षों में झारखंड के दो दर्जन से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक, विश्व कप और अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वर्तमान में भारतीय सीनियर महिला टीम में राज्य के चार खिलाड़ी, जूनियर टीम में चार खिलाड़ी और सब-जूनियर टीम में छह खिलाड़ी चयनित हैं। इसके अलावा कई खिलाड़ी भारतीय टीम के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा भी हैं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड की टीमें लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही हैं और विभिन्न प्रारूपों में चैंपियन बन रही हैं। झारखंड के खिलाड़ियों पर देश का विश्वास लगातार बढ़ा है और राज्य के कई खिलाड़ियों को भारतीय टीम की कप्तानी का दायित्व भी मिल चुका है। इससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का सम्मान बढ़ा है तथा राज्य के कोने-कोने में हॉकी के प्रति नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी खेलों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। हॉकी बहुल क्षेत्रों खूंटी, सिमडेगा और गुमला में एस्ट्रोटर्फ स्टेडियमों का निर्माण कराया जा रहा है तथा वरिष्ठ खिलाड़ियों के लिए बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। यही कारण है कि आज भारतीय महिला हॉकी टीम में एक साथ झारखंड की चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

अंत में मनोज कोनबेगी ने भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे, निक्की प्रधान, ब्यूटी डुंगडुंग और दीपिका सोरेंग सहित पूरी भारतीय टीम को एशियन गेम्स 2026 के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वर्णिम प्रदर्शन की कामना की।

**कार्यालय, जिला भी०बी०डी० पदाधिकारी, राँची**

ज्ञापांक............/ राँची, दिनांक........................./

**पुनः अति अल्पकालीन निविदा**

रांची शहरी क्षेत्रों में डेंगू/चिकनगुनिया डोर-टू-डोर सर्विलेंस कार्य हेतु स्थानीय स्वयं सेवी संस्थान (NGO) से निविदा दिनांक 17.07.2026 अपराह्न 12:00 बजे तक जिला भी0बी0डी0 कार्यालय, झण्डा चौक डोरण्डा, रांची में वितीय भाग एवं तकनीकी भाग अलग-अलग निबंधित डाक से आमंत्रित किया जाता है। इससे पूर्व निविदा PR No. 382862 दिनांक 21.06.2026 को रद्द किया जाता है। यह निविदा दिनांक 17.07.2026 को 04:00 बजे अपराह्न को सिविल सर्जन कार्यालय, रांची में खोला जाएगा।

**शर्तें:-**

1. स्वयंसेवी संस्थान (NGO)का रजिस्ट्रेशन, बायॉलॉज का कागजात जमा करेंगे।
2. स्वयं सेवी संस्थान अपना वितीय वर्ष 2024-25 का ऑडिट रिपोर्ट संलग्न करेंगे।
3. स्वयं सेवी संस्थान का रजिस्ट्रेशन तीन साल पुराना होना चाहिए।
4. Survilliance Worker का प्रति व्यक्ति/प्रतिदिन कार्य अवधि के अनुसार मजदूरी दर देंगे।
5. 14 Survilliance Worker का नाम, फोटो, पता, मोबाईल नं0 तथा आधार नं0 के साथ जमा करेंगे।
6. स्वास्थ्य विभाग में कार्य का Work Experience जमा करेंगे।
7. किसी भी विवाद का निपटारा राँची न्यायालय होगा।

PR.NO.384498 Health Med Edu and Family Welfare(26-27):D — जिला भी0बी0डी0 पदाधिकारी. राँची

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**जलपथ प्रमण्डल, संख्या-1, सिमडेगा**

**(रामरेखा जलाशय योजना से संबधित)**

**आवश्यक सूचना**

एतद् प्रेस विज्ञप्ति द्वारा प्रखंड-पाकरटांड़ एवं सिमडेगा, जिला-सिमडेगा में स्थित रामरेखा जलाशय योजना से सिंचित होने वाले संबंधित ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि रामरेखा जलाशय योजना का अवशेष निर्माण कार्य एवं मुख्य नहरों का लाईनिंग कार्य कराया जा रहा है। ऐसी स्थिति में योजना से निकलने वाले नहरों में पानी छोड़ना सम्भव नहीं हो पायेगा।

अतः रामरेखा जलाशय योजना से लाभान्वित सभी ग्रामवासियों एवं किसानों से अनुरोध है कि संबंधित क्षेत्र में खरीफ एवं रब्बी फसल अपनी सुविधा को देखते हुए लगायेंगे। कार्य हित में वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 में खरीफ एवं रब्बी फसल हेतु रामरेखा जलाशय योजना के नहरों में पानी सिंचाई हेतु नहीं दी जा सकेगी।

कार्यपालक अभियन्ता
जलपथ प्रमण्डल सख्या-1 सिमडेगा

PR 384526 Simdega (26-27)_D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## जल जीवन का मुख्य आधार

जल अमृत है। जल को प्राण कहा गया है। जल प्रत्येक प्राणी के लिए अपरिहार्य है। प्रत्येक प्राणी जल पर निर्भर है। सम्पूर्ण विश्व में पेयजल की कमी हो रही है। नदियों का जल घट रहा है। जल स्रोत सूख रहे हैं। विश्व का तापमान बढ़ा है। तापमान बढ़ने से ऋतु चक्र में परिवर्तन हो रहा है। कहीं अत्यधिक गर्मी है कहीं पर अतिवृष्टि तो कही शीत से लोग पीड़ित हैं। मानसून ने बड़ी प्रतीक्षा कराई। मानसून शब्द अरबी भाषा के मौसम शब्द से लिया गया है। इसका अर्थ मौसम या ऋतु होता है। यह शब्द मुख्य रूप से अरब सागर में हवा की दिशा में होने वाले बदलावों के लिए प्रयोग किया जाता है। ऋतु शब्द संस्कृत का है। यह वैदिक संस्कृत से लिया गया है। इसका अर्थ यज्ञ या धार्मिक अनुष्ठान से है। भारतीय दर्शन में ऋतु में छह हैं। बसंत ऋतु की बड़ी महिमा बताई गई है। इसे ही ऋतुओं का राजा कहा गया है। इसके बाद ग्रीष्म ऋतु है। वर्षा ऋतु मोहक होती है। किसान अपनी खेती की तैयारी में लग जाते हैं। इसके बाद हेमंत ऋतु। फिर शिशिर ऋतु। इसी तरह शब्द है ऋत। कई बार ऋत को ऋतु और ऋतु को ऋत कह दिया जाता है। ऋत वैदिक दार्शनिक अवधारणा है। यह प्रकृति का शाश्वत अनुशासन है। ऋतु एक चक्र है। मौसम है।

जल जीवन का मुख्य आधार है। ऋग्वेद में जल को आपः कहकर दिव्य चेतना और प्राण शक्ति कहा गया है। जल मात्र भौतिक तत्व नहीं है। यह माँ के समान पालक भी है। जल के देवता वरुण हैं। ऋग्वेद में कहा गया है कि, जल में सभी रोगों को दूर करने की क्षमता है। जल के देवता वरुण ब्रम्हांड के नियमों (ऋत) को बनाए रखते हैं। पर्जन्य देव वर्षा बादल बिजली के देव हैं। जल का दार्शनिक वर्णन उपनिषदों में किया गया है। छांदोग्य उपनिषद में जल को प्राण और ईश्वर के निकट माना गया है। जल ही अन्न और जीवन है। महर्षि उद्दालकअपने पुत्र श्वेतकेतु को समझाते हैं कि जल के बिना कुछ भी सम्भव नहीं है। जल न हो तो अन्न नहीं होगा। बिना अन्न के जीवन नहीं हो सकता। कहा कि जल में ईश्वरीय तत्व होता है। जैसे जल में नमक घुला हो वह अदृश्य रहता है लेकिन बूंद में स्वाद होता है। वैसे ही निराकार जीवों में सभी जगह और हर जीव में व्याप्त है। अथर्ववेद में जल को ₹शिवोतम₹ रस कहा गया है। सामवेद में जल को सोमजल कहा गया है। रामचरितमानस में जल पंच महाभूतों में आधार है। गीता में श्रीकृष्ण ने जल की महिमा को ईश्वरीय ऊर्जा कहा है। सर्वव्यापी सत्ता के रूप में कहा है। वे कहते हैं प्रकृति का हर रूप अंतत उन्ही का विस्तार है। श्रीकृष्ण ज्ञान विज्ञान योग के सातवें अध्याय के आठवें श्लोक में कहते हैं- हे अर्जुन, मैं जल में रस (स्वाद) हूँ। सूर्य और चंद्रमा का प्रकाश हूँ। यहां श्रीकृष्ण कह रहे हैं कि जल न केवल माध्यम है बल्कि मनुष्य की प्यास बुझाने वाली तृप्ति है (स्वाद है)। वह साक्षात परमात्मा का रूप है। गीता में सीधे जल के भौतिक गुणों की पूजा करने की जगह उसके आध्यात्मिक महत्व को समझाया गया है। जल जीवन की दिव्यता है। जल जीवन का आधार है। जल संपूर्ण सृष्टि की उत्पत्ति का मूल आधार है। गीता और हिंदू दर्शन में जल को (नारायण) कहा गया है। अयन या निवास जिसका रूप माना गया है। हम सबको जल को व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए। जल प्रदूषित नहीं करना चाहिए। जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाना चाहिए। हम सबकी जिम्मेदारी भी है और कर्तव्य भी है। बताया जाता है कि पृथ्वी में 3 प्रतिशत पेयजल है। इसी तीन प्रतिशत में जमी बर्फ, ग्लेशियर भी हैं। शेष जल समुद्री खारा है। पेयजल का संकट गहराता जा रहा है। पूर्व में नदियों-झीलों का जल पीने योग्य होता था। अब नहीं। वर्ष 90 और 95 तक कुओं से पानी मिलता रहा है। इससे पूर्व सैकड़ों शताब्दियों से कुओं का खुदवाया जाना, ईश्वरीय पुण्य का कार्य माना जाता था। तब के कालखंड में राजा भी कुएं बनवाते थे। यह कार्य सिर्फ मैदानी क्षेत्रों तक सीमित नहीं था। दुर्गम और पहाड़ी पथरीले क्षेत्र में भी राजाओं और संपन्न लोगों द्वारा कुएं बनवाये जाते थे। कुओं से पेयजल के साथ सिंचाई भी होती थी। सिंचाई के लिये कुओं से पानी निकालने के लिए बैलों का प्रयोग होता था। पानी निकालने वाला पात्र चमड़े का होता था। उसे ₹पुर₹ कहा जाता था। कई क्षेत्रों में सिंचाई के पानी को कुओं से निकालने के लिए चरखा (डिब्बे) वाला प्रयोग होता था। यह प्राचीन काल की बातें नहीं हैं। आधुनिक और स्वतंत्र भारत में भी होता था। आज स्थिति भयावह है। गांव में भी बोतलबन्द पानी बिक रहा है। 20 रुपये किलो गेहूं है, 20 रुपये की ही पानी की 1 लीटर की बोतल है। कहीं खरीदो, कहीं पियो। कहीं फेंको। प्लास्टिक बोतलों, डिब्बों, थैलियों को आधुनिक प्रगतिशील पर्यटनवादी भारतीयों ने हिमालय सहित सभी पवित्र पहाड़ी क्षेत्र तक पहुंचाने का महती काम किया है। प्लास्टिक कचरे को नदियों में डालने की कार्रवाई जारी है। जल स्रोतों तक प्लास्टिक पहुंच गई है। जलीय जीवों के पेट में तो प्लास्टिक है ही। गायों व अन्य जीवों के पेट में प्लास्टिक घुस गई है। जानवर मर रहे हैं। वैज्ञानिक सचेत कर रहे हैं। पहले प्लास्टिक की बोतलों में दवा आई। फिर पानी आया। फिर पाउच में पानी और दारू भी आई। अब तो दारू भी प्लास्टिक बोतल में बिक रही है। बोतलों का उत्पादन बढ़ा है। प्लास्टिक सम्पूर्ण मानवता का अतिरिक्त नुकसान कर रही है। प्लास्टिक शहर से गांव पहुंची। नगर के साथ गांव में प्लास्टिक कचरा बढ़ा है। शहरों ने तालाबों को निगल लिया। गांव के तालाबों को प्लास्टिक निगल रही है। ट्रकों प्लास्टिक तालाबों में भारी पड़ी है। तालाब झील पट रहे हैं। कुआं खत्म होकर पुरातात्विक हो गए। तालाब, झीलें, नदियां सूख रहे। समुद्री तटीय महानगरीय क्षेत्र कूड़ा से पटे पड़े हैं। इसके बावजूद दावा है महानगरीय अतिरिक्त सभ्य हैं। प्रगतिशील हैं। वह इंडियन भी हैं। सरकारें पॉलिथीन नहीं रोक पा रहीं। उसकी फैक्ट्रियां बढ़ी हैं।

नदी घाटी वाला राष्ट्र भारत सदा से है। सिंधु, सरस्वती, सतलुज, राप्ती, कावेरी, कृष्णा, ब्रह्मपुत्र, गंगा, यमुना, चंबल सई वाला भारत आहत है। गंगा अब निर्मल नही हैं। यमुना का जल आचमन लायक नहीं है। सरकारें आरोप-प्रत्यारोप के खेल में जुटी रहती हैं। सरकारें चुनावों से बनती हैं। आती हैं- जाती हैं। जल प्रदूषण, नदी प्रदूषण, पर्यावरण प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण एवं वायु प्रदूषण कभी चुनाव में मुद्दा नहीं रहता है। चुनाव में पानी की बात नहीं उठती है। दलों के लिए जाति सर्वोपरि है। वर्ग आगे हैं। दलों की नीतियों में जिताऊ और वोट जुटाऊ प्रत्याशियों की खोज है। जिस देश के लोग गेहूं-चावल बेचकर पानी पीने को मजबूर हों। वह मरे समाज ही कहे जाएंगे। मरा ही समझो। रहीम ने कहा रहिमन पानी राखिए। बिन पानी सब सून। जल संरक्षण के लिए समाज और सरकार दोनों को आगे आना होगा। जल संरक्षण न के बराबर है। जल संचयन की सरकारी बैठकें बेमतलब हैं। अच्छा होता जल संरक्षण, संचयन को बढ़ावा दिया जाता। जागरूकता लाने का काम किया जाता। मजबूत जल नीति जनहितकारी बनाया जाना लोकहित होगा।

# वैश्विक पटल पर चमकती भारत की शिल्प विरासत

इस बदलते युग में आधुनिक, गतिशील और डिजिटल हो रहे बाजार में इन पारंपरिक शिल्पों के सामने जगह बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती थी। इसी चुनौती को अवसर में बदलने और भारत के ग्रामीण व दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लाखों कारीगरों को आधुनिक अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 'इंडिया हैंडमेड' डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत की गई,

**ओ.पी. पाल**

भारत की धरती केवल विविधताओं का देश नहीं बल्कि यह सदियों पुरानी कला, संस्कृति और शिल्प कौशल का जीवंत कोलाज भी है। कश्मीर के पहाड़ों में बुनी जाने वाली पश्मीना शॉल से लेकर दक्षिण के तटीय इलाकों में पहने जाने वाले मुंडू वस्त्रों तक, बनारस की गलियों की हथकरघा मशीनों से लेकर मध्य प्रदेश के चंदेरी सिल्क तक भारत का हर कोना अपनी विशिष्ट कलात्मक पहचान रखता है। लेकिन, इस बदलते युग में आधुनिक, गतिशील और डिजिटल हो रहे बाजार में इन पारंपरिक शिल्पों के सामने जगह बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती थी। इसी चुनौती को अवसर में बदलने और भारत के ग्रामीण व दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लाखों कारीगरों को आधुनिक अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 'इंडिया हैंडमेड' डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत की गई, जो आज भारत की समृद्ध हथकरघा और हस्तशिल्प परंपराओं के लिए मजबूत 'डिजिटल इंडिया ब्रिज' बन चुका है बल्कि यह वैश्विक स्तर पर देश के आर्थिक सशक्तिकरण की एक नई पटकथा भी लिख रहा है। साल 2023 में लॉन्च हुआ यह मंच भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के तहत डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन द्वारा विकसित यह समर्पित ई-कॉमर्स पोर्टल है, जो हमारी पारंपरिक विरासत को संरक्षित कर रहा है। 'इंडिया हैंडमेड' न केवल भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित कर रहा है, बल्कि करीब 65 लाख शिल्पी कारीगरों को व्यापक बाजार देकर 'आत्मनिर्भर भारत' और 'डिजिटल इंडिया' के विजन को भी मजबूत कर रहा है। ह्यइंडिया हैंडमेडह्न पोर्टल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल फॉर लोकल' के नारे को धरातल पर सच करता नजर आ रहा है। यह मंच केवल आर्थिक लेन-देन की जगह नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक कूटनीति का भी मजबूत उपकरण है। जब दुनिया के किसी दूसरे कोने में बैठा व्यक्ति इस पोर्टल से कोई हस्तनिर्मित वस्तु खरीदता है तो वह केवल उत्पाद नहीं खरीद रहा होता बल्कि वह उस भारतीय कारीगर की उंगलियों के जादू, उसकी पीढ़ियों की विरासत और भारत की मिट्टी की कहानी को अपने घर ले जा रहा होता है। जैसे-जैसे हम डिजिटल युग में आगे बढ़ रहे हैं, इंडिया हैंडमेड यह सुनिश्चित कर रहा है कि हमारी प्राचीन कलाएं और तकनीकें पीछे न छूट जाएं। यह मंच आधुनिकतम ई-कॉमर्स तकनीक और प्राचीनतम मानवीय कौशलों का अद्भुत और सफल संगम है। यह हमारे बुनकरों और शिल्पकारों को केवल जीवित रहने का साधन नहीं दे रहा बल्कि उन्हें सम्मान, वैश्विक पहचान और समृद्धि का नया आसमान दे रहा है। इंडिया हैंडमेड के माध्यम से भारत की यह अनमोल विरासत न केवल सुरक्षित है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए निरंतर आजीविका, नवाचार और गौरव का शाश्वत स्रोत बनकर चमक रही है। प्रत्येक भारतीय और वैश्विक नागरिक के लिए इस मंच से जुड़ना भारत की आत्मा और उसकी कलात्मक धड़कन से जुड़ने जैसा है। भारत का हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र, कृषि के बाद देश में रोजगार का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। वस्त्र मंत्रालय के वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग 64.66 लाख हथकरघा और हस्तशिल्प कारीगर हैं। मसलन देश में 71 प्रतिशत हथकरघा बुनकरों में 64 प्रतिशत महिलाओं की अभूतपूर्व भागीदारी इस क्षेत्र की सबसे खूबसूरत और मजबूत सामाजिक संरचना है। यानी जब एक ग्रामीण महिला बुनकर के बनाए उत्पाद को वैश्विक मंच मिलता है तो वह न केवल आर्थिक रूप से स्वतंत्र होती है बल्कि अपने पूरे परिवार और समुदाय की सामाजिक स्थिति को भी बदल देती है। यही एक सशक्तिकरण और समावेशी विकास का सबसे बड़ा माध्यम है। यह एक ऐसा ई-कॉमर्स पोर्टल है जो पूरी तरह से 'मेड इन इंडिया' और 'हैंडमेड' (हाथ से बने) उत्पादों के लिए समर्पित है। यहाँ मशीनी या कृत्रिम रूप से तैयार उत्पादों की कोई जगह नहीं है, जिससे हस्तनिर्मित कला की शुद्धता और प्रामाणिकता बनी रहती है। इंडिया हैंडमेड के माध्यम से अब कारीगर सीधे देश-विदेश के खरीदारों से जुड़ते हैं, जिससे उन्हें अपनी मेहनत का उचित और पारदर्शी मुआवजा मिलता है। एक छोटे से गांव में रहने वाले हुनरमंद शिल्पकार के पास पहले केवल स्थानीय मेलों या हाट-बाजारों तक ही पहुंच होती थी। लेकिन इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उनके उत्पादों को एक क्लिक पर करोड़ों ग्राहकों के सामने प्रदर्शित किया जाता है, जिससे उनकी बाजार सीमाएं असीमित हो गई हैं। इंडिया हैंडमेड की एक सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह रोजमर्रा के उत्पादों के साथ-साथ भारत की विशिष्ट क्षेत्रीय पहचान वाले शिल्पों को एक वीआईपी स्थान देता है। इसके तहत दो प्रमुख सरकारी पहलों को इस मंच पर विशेष रूप से एकीकृत किया गया है, जिसमें जीआई-टैग और ओडीओपी शामिल है। जीआई-टैग किसी उत्पाद की उस विशिष्ट गुणवत्ता, प्रतिष्ठा और विशेषताओं को प्रमाणित करता है जो मुख्य रूप से उसके भौगोलिक उद्गम के कारण होती हैं। इंडिया हैंडमेड पर खरीदार देश के कोने-कोने के प्रामाणिक जीआई उत्पादों को खरीद सकते हैं। इनमें उत्तराखंड की ऐपन कला, कश्मीर की सबसे नरम और बेशकीमती शुद्ध पश्मीना शॉल, केरल के पारंपरिक सूती वस्त्रों में शुमार मुंडू उत्पाद, यूपी के वाराणसी रेशमी बुनाई के लिए विश्व प्रसिद्ध बनारसी साड़ी (सिल्क उत्पाद), गोरखपुर व अन्य क्षेत्र के मिट्टी से बनी जीवंत मूर्तियां और घरेलू सजावट के सामान टेराकोटा उत्पाद, मध्य प्रदेश की चंदेरी सिल्क, पश्चिम बंगाल की बारीक सूती बुनाई और हाथ से तैयार तंगेल साड़ी और झारखंड/बिहार के प्राकृतिक सुनहरे रंग और अनूठे टेक्सचर जैसे उत्पाद भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ह्यएक जिला एक उत्पादह्न का हिस्सा बन चुके हैं। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे अत्यंत कुशल कारीगर हैं जो बहुत छोटे स्तर पर काम करते हैं और उनके पास जीएसटी पंजीकरण नहीं होता। डिजिटल व्यापार में उनके प्रवेश को आसान बनाने के लिए इंडिया हैंडमेड ने एक बेहद प्रगतिशील नियम लागू किया है। वहीं, विशेष नामांकन आईडी सुविधा के तहत छोटे कारीगर या बुनकर जीएसटी पंजीकृत से छूट दी गई है। वे एक साधारण नामांकन आईडी के साथ खुद को इस पोर्टल पर पंजीकृत कर सकते हैं। इसके तहत उन्हें अपने गृह राज्य के भीतर ऑनलाइन सामान बेचने की अनुमति मिलती है। यह कदम देश के सबसे निचले स्तर पर बैठे शिल्पकार को भी डिजिटल कॉमर्स की ताकत से जोड़ता है। देश में इंडिया हैंडमेड जैसे इस मंच के माध्यम से कई शिल्प समूहों और सूक्ष्म उद्यमों की किस्मत बदली है, जो किसी प्रेरक कहानियों से कम नहीं हैं। एक नजर में देखा जाए तो जहां सैंटर्म्स जैसी पहल के तहत लकड़ी की सुंदर नक्काशीदार सजावट, सुगंधित मोमबत्तियां, कलात्मक टेराकोटा दीये, संगमरमर की मूर्तियां और शानदार हथकरघा साड़ियां जैसी हस्तनिर्मित शिल्पों की गर्माहट को हमारे रोजमर्रा के आधुनिक जीवन का हिस्सा बना रही है। इसी प्रकार बांस और बेंत को नया जीवन देने की दिशा में खासतौर से उत्तर-पूर्व और भारत के विभिन्न हिस्सों में बांस और बेंत के काम की एक समृद्ध परंपरा रही है। 'दस्तकार क्राफ्ट' इस मंच के जरिए 500 से अधिक स्थानीय कारीगरों के हुनर को सीधे वैश्विक बाजार में ले आया है। इसके अलावा विलेज क्राफ्ट को आगे बढ़ा रहे कुशल कारीगरों द्वारा बेहद प्यार और सावधानी से बनाए गए सूती तौलिए, पारंपरिक गमछे और आरामदायक बेडशीट इस बात का प्रमाण हैं कि हमारी विरासत केवल खास मौकों पर सजाने के लिए नहीं बल्कि हमारे रोजमर्रा के जीवन को आराम और गुणवत्ता देने के लिए भी उतनी ही प्रासंगिक है।

# वायुमण्डलीय ट्रैफिक जाम की चपेट में यूरोप

इससे आसमान साफ हो जाता है, गर्म हवाएं क्षेत्र विशेष में फंस जाती है और सूरज की किरणें सीधे उस इलाके में पड़ने लगती है। यह स्थिति तेज गर्मी और उसके असर के रूप में सामने आती है। इसी वजह से हीटवेव का असर अधिक हो जाता है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि सामान्यतः यह हालात दो-तीन दिन या सप्ताह तक रह सकते हैं पर इस बार यूरोप में यह दौर लंबा चला।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

बात अचरज भरी लग सकती है पर सही मायने में देखा जाए तो यूरोप जिस तरह हीटवेव की चपेट में आया है, उसका बड़ा और प्रमुख कारण वायुमण्डलीय ट्रैफिक जाम है। यूरोपीय देश गंभीर हीटवेव की चपेट में हैं। इस तरह की हीटवेव का कारण ओमेगा ब्लॉक की स्थिति होती है। यूरोप के वायुमण्डल में हीट डोम बनने के कारण ऐसा हुआ है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि सामान्य रुप से हवाएं पश्चिम से पूर्व की ओर बहते हुए आगे बढ़ती है। ओमेगा ब्लॉक की स्थिति में हवाएं उत्तर और दक्षिण की ओर मुड़कर ग्रीक शब्द ओमेगा का आकार बना लेती है और इस तरह वायुमण्डल में ट्रैफिक जाम के हालात हो जाते हैं। इससे आसमान साफ हो जाता है, गर्म हवाएं क्षेत्र विशेष में फंस जाती है और सूरज की किरणें सीधे उस इलाके में पड़ने लगती है। यह स्थिति तेज गर्मी और उसके असर के रूप में सामने आती है। इसी वजह से हीटवेव का असर अधिक हो जाता है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि सामान्यतः यह हालात दो-तीन दिन या सप्ताह तक रह सकते हैं पर इस बार यूरोप में यह दौर लंबा चला। इससे इंग्लैण्ड, फ्रांस, इटली, जर्मनी सहित यूरोप के करीब 23 देश प्रभावित हैं। आस्ट्रेलियाई नेशनल यूनिवर्सिटी और सिडनी यूनिवर्सिटी की नेचर पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वैज्ञानिकों ने छह बड़े हीटवेवों का अध्ययन किया है। जलवायु परिवर्तन, नमी बढ़ने, गगनचुंबी इमारतों में तापमान रोधक सामग्री का उपयोग ना के बराबर होने और सुविधा के नाम पर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के अत्यधिक उपयोग से वातावरण प्रभावित हो रहा है। सामान्यतः यह माना जाता है कि अधिक गर्मी बच्चों-बुजुर्गो के लिए जानलेवा हो जाती है पर इस बार की हीटवेव अपना रौद्र रुप दिखा रही है। दरअसल, यूरोपवासी इतनी गर्मी के आदी भी नहीं हैं। इसके साथ हीटवेव का असर इतना अधिक है कि शरीर स्वयं अपने आपको तापमान अनुकूल नहीं बना पा रहा है। यूरोप में हीटवेव के चलते हालात इतने खराब हो गए कि सड़कों की डामर पिघल गई, रेल की पटरियां टेड़ी-मेड़ी हो गई। इससे हालात की गंभीरता को समझा जा सकता है। इसके कारण यातायात तक बाधित हो गया है। हीटवेव के कारण जंगलों में आग के समाचार आम हो रहे हैं तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हालात के चलते चेतावनी जारी की है। यूरोपीय देशों में तापमान 40 सेल्सियस से अधिक पहुंच गया और इससे जनजीवन बुरी तक प्रभावित हो गया है। देखा जाए तो यूरोप का मौसम संतुलन बिगड़ गया है। प्रकृति के साथ अत्यधिक छेड़छाड़ का परिणाम समूचा विश्व भुगत रहा है। तापमान में बढ़ोतरी वैश्विक है पर यूरोप में इस बार हीटवेव के हालात अधिक गंभीर हो गये हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो हीटवेव के कारण यूरोप में एक तरह से हेल्थ इमरजेंसी के हालात बन गए और तेज गर्मी के कारण मौसम जनित बीमारियों और हीटवेव की चपेट में आने से बड़ी संख्या में लोगों को जीवन से हाथ धोना पड़ा है। प्रकृति की नाराजगी का असर अब गंभीरता से सामने आ रहा है। जनजीवन जहां अस्त-व्यस्त हो रहा है, वहीं विश्लेषकों की मानें तो यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था पर आज के हालात में 11 लाख करोड़ का असर पड़ने की आशंका है, वहीं साल 2030 तक यूरोप को 61 लाख करोड़ का नुकसान भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। सीधी-सी बात है कि यह प्राकृतिक प्रकोप एक दिन की देन नहीं है। हालात को देखते हुए यूरोपीय देशों में एयर कण्डीशनर जैसे उपकरणों की अत्यधिक मांग बढ़ी है। यहां तक कि इंग्लैण्ड में 300 फीसदी से अधिक तो फ्रांस में हजार फीसदी तक मांग बढ़ गई है। इसके साथ तापमान नियंत्रित करने वाले अन्य उपकरण फ्रीज आदि की मांग बढ़ी है। हीटवेव का असर जहां सीधे तौर पर स्वास्थ्य पर पड़ता है वहीं, पूरी इकोनॉमी को तहस-नहस करने या प्रभावित करने में हीटवेव की भूमिका रहती है। स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने के साथ हीटवेव के कारण हालात सबकुछ ठहर जाने जैसे हो जाते हैं।

ऐसा नहीं है कि ओमेगा ब्लॉक पहली बार बन रहे हों बल्कि ओमेगा ब्लॉक पहले भी बनते रहे हैं पर एक ओर जिस तरह धरती का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है और जिस तरह ग्लेशियरों की पिघलने की गति तेज हुई और प्रदूषण का स्तर दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है उसके गंभीर दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं। अब ओमेगा ब्लॉक की अवधि बढ़ती जा रही है। इसका प्रभाव पहले से अधिक गंभीर रहा है। ऐसे में कहीं-ना-कहीं गंभीर प्रयास करने होंगे ताकि इस तरह के हालात ना हो। हमें इस तरह के हालात बनाने होंगे जो प्रकृति अनुकूल हो। अन्यथा पृथ्वी पर जीवन को ही संकट में डालने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह मानव सभ्यता के लिए गंभीर चुनौती से कम नहीं है। वैज्ञानिक तो यहां तक कहने लगे हैं कि भविष्य में दो से तीन डिग्री तापमान में बढ़ोतरी भी गंभीर संकट वाली होगी।

# आत्मचिंतन, साधना और प्रकृति से जुड़ने का पावन महीना'



उत्तर भारतीय पूर्णिमांत पंचांग के अनुसार 30 जून से, जबकि दक्षिण भारत, महाराष्ट्र और गुजरात आदि में प्रचलित अमांत पंचांग के अनुसार 15 जुलाई से आषाढ़ मास का आरंभ होगा। सामान्यतः आषाढ़ को वर्षा ऋतु का पहला महीना माना जाता है। इसलिए जब भी आषाढ़ मास का उल्लेख होता है, तो सबसे पहले मानसून की रिमझिम वर्षा का मनोहारी दृश्य हमारी आंखों के सामने उभर आता है। लेकिन भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में आषाढ़ माह सिर्फ बारिश का महीना नहीं है बल्कि यह आत्मचिंतन, संयम और साधना का भी महत्वपूर्ण माह है। इसलिए कहते हैं आषाढ़ माह में तो प्रकृति भी साधना का संदेश देती है। दरअसल, यह कहने के पीछे कारण यह है कि तपती धरती पर जब वर्षा की रिमझिम फुहार पड़ती है और सूखी नदियां बहने लगती हैं, खेतों में हरियाली लौट आती है, तो हर तरफ एक आंतरिक खुशी और उल्लास की लहर दौड़ जाती है। भारतीय ऋषियों ने इस प्राकृतिक परिवर्तन को मनुष्य के भीतर होने वाले परिवर्तन से जोड़ा था और उनका स्पष्ट संदेश था– जैसे धरती वर्षा से नई ऊर्जा पाती है, वैसे ही मनुष्य भी आत्मचिंतन और साधना के जरिये नया जीवन पा सकता है। इसलिए आषाढ़ माह का भारत के आध्यात्मिक जगत में एक आत्मचिंतन माह के रूप में बहुत महत्व है। इस माह में अनेक धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होते हैं। यह मन, शरीर और समाज तीनों के संतुलन का महीना है। यही कारण है कि इस महीने को भारतीय संस्कृति में विशेष सम्मान प्राप्त है। प्राचीन भारत में ऋषि, मुनि पूरे वर्ष तीर्थयात्रा और ज्ञान उपदेश जैसे समाज सेवा में लगे रहते थे। मगर वर्षा ऋतु आते ही वे कहीं एक जगह रुककर अपने शिष्यों के साथ वेद, उपनिषद्, योग और दर्शन पर निरंतर वृहद चर्चा और शिक्षा शुरू कर देते थे। इसी परंपरा को वषार्वास या चातुर्मास भी कहते हैं, जो आषाढ़ माह में देवशयनी एकादशी से शुरू होता है, जो इस साल 25 जुलाई को है। वास्तव में वषार्वास जो कि आषाढ़ माह से शुरू होता है, उसके लिए माहौल आषाढ़ माह के पहले दिन से ही बनने लगता है। जहां तक आज के समय की बात है तो आज तो हम इतना सूक्ष्म नहीं सोचते, लेकिन प्राचीनकाल में ऋषि, मुनि इसलिए वषार्काल में यानी आषाढ़ माह से अपनी यात्राएं स्थगित कर देते थे, क्योंकि वर्षा के दिनों में असंख्य सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते हैं, जो लगातार इंसान के यात्रा अतिक्रमण से नष्ट हो सकते हैं। इसलिए प्राचीनकाल में वर्षा के समय जो लोग जहां होते थे, वहीं रहकर आत्मचिंतन और साधना की कोशिश करते थे। इसलिए आषाढ़ माह को लंबी साधना की शुरूआत का महीना कहा जाता है।

## टिप्स

### बरसात में संक्रमण से बचाएगी हेल्दी डाइट

बारिश का मौसम गर्मी से भले राहत देता है, लेकिन कई तरह की स्वास्थ्य चुनौतियों को भी लेकर आता है। दरअसल इन दिनों वातावरण में नमी काफी ज्यादा बढ़ जाती है। जिससे बैक्टीरिया, वायरस और फंगस तेजी से पनपते हैं। नतीजतन सर्दी, जुकाम, वायरल बुखार, पेट के संक्रमण, फूड प्वॉइजनिंग और पाचन संबंधी समस्याएं बढ़ जाती है। महिलाओं के लिए यह मौसम इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है, कि वे अकसर घर और कार्यस्थल की दोहरी जिम्मेदारियां निभाती हैं। इसलिए इन दिनों खास तौरपर कामकाजी महिलाओं को अपने खानपान पर ध्यान देना चाहिए, नहीं तो थकान, कमजोरी और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

**हेल्दी डाइट का चुनाव :** जानकारों का मानना है कि मानसून के दिनों में स्वस्थ रहने का एक सबसे आसान और प्रभावी उपाय है –संतुलित, ताजा और पौष्टिक भोजन। सही डाइट इन दिनों महिलाओं की न केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है बल्कि स्वस्थ रहने से इनकी ब्यूटी में भी निखार आता है। त्वचा, बालों आदि में स्वस्थ डाइट से असर साफ दिखता है। इसलिए बारिश के मौसम में हेल्दी डाइट का चुनाव करना जरूरी है। आइये जानते हैं यह कैसे संभव है।

**प्रोटीन व विटामिन–सी से भरपूर भोजन :** इन दिनों शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना सबसे जरूरी होता है। इसलिए भोजन में विटामिन सी, एंटी–ऑक्सीडेंट और प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल करें। अपनी डाइट में जहां सब्जियों के मामले में हरी पत्तेदार सब्जियां, शिमला मिर्च और टमाटर को विशेष रूप से शामिल रखें, वहीं अमरुद, नींबू, संतरा और आंवला भी इन दिनों खाएं ताकि शरीर को भरपूर विटामिन–सी मिल सके। दालों में राजमा, चना, मूंग दाल जरूर खाएं और पनीर को प्रोटीन के लिए प्राथमिकता दें। इस मौसम में प्रोटीनयुक्त मजबूत डाइट महिलाओं के ऊतकों की मरम्मत अच्छी तरह से करती है, जिससे वे स्वस्थ भी रहती हैं और उनकी सुंदरता भी निखरती है। इस मौसम में अपने खानपान को लेकर एक बात का और ध्यान रखें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने भरा एसआईआर गणना प्रपत्र



**साहिबगंज/बरहरवा :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण स्पेशल इंटेंसिव रेविसिओं एस आईआर अभियान के तहत पूर्व मंत्री ने अपने इस्लामपुर स्थित आवास में गणना प्रपत्र ऐनुमैरेशन फॉर्म भरकर संबंधित बीएलओ सुपरवाइजर के समक्ष जमा किया।इस अवसर पर पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत मतदाता होता है।प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही एवं अद्यतन रूप से दर्ज होना अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित,पारदर्शी एवं अद्यतन बनाना है,इसलिए सभी नागरिकों को इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी पात्र मतदाता अपना गणना प्रपत्र से जल्द भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा करें,ताकि भविष्य में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से छूट न जाए और कोई भी नागरिक अपने संवैधानिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं एवं सभी पात्र मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अपने परिवार के प्रत्येक पात्र सदस्य का फॉर्म समय पर भरवाना सुनिश्चित करें तथा अपने आसपास के लोगों को भी इस अभियान के प्रति जागरूक करें।उन्होंने बताया कि गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है।इसलिए सभी मतदाता 29 जुलाई से पहले अपना फॉर्म भरकर जमा कर दें और यह सुनिश्चित करें कि उनका नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज रहे।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है।समय पर गणना प्रपत्र भरना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और सभी को इस दायित्व का निर्वहन करते हुए निर्वाचन आयोग के इस महत्वपूर्ण अभियान में सहयोग करना चाहिए।

## मारपीट मामले का आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के साक्षरता मोड़ के निकट 3 जुलाई को हुई मारपीट की घटना के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार, सकरी गली निवासी बिन देवी ने अपने पुत्र के साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए छोटा पंचगढ़ निवासी रोशन मिंज के विरुद्ध जिरवाबाड़ी थाना में शिकायत दर्ज कराई थी मामले में बिन देवी के लिखित आवेदन के आधार पर जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 125/26 दर्ज किया गया था।थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि कांड संख्या 125/26 के आरोपी रोशन मिंज को गिरफ्तार कर लिया गया है आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में साहिबगंज मंडल कारा भेज दिया गया है उन्होंने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई विधि सम्मत जारी है।

## आदर्श हत्याकांड में प्रयुक्त दो पिस्तौल, खोखा और बाइक बरामद

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के बंगाली टोला स्थित तिलकधारी कुआं चौक के समीप 01 जुलाई की देर शाम आदर्श कुमार दास उर्फ कुकु की गोली मारकर हत्या मामले में कई अहम खुलासे हुए हैं। पुलिस रिमांड में 4 आरोपियों ने पुलिसिया सवालों के आगे घुटने टेक दिए। आरोपियों ने हत्याकांड से जुड़े कई अहम राज से पर्दा उठाया। पूछताछ से हासिल तथ्यों के आधार पर पुलिस ने आदर्श हत्याकांड में प्रयुक्त दो पिस्तौल, खोखा व बाइक बरामद बरामद किया है। इधर दो दिनों की रिमांड की मियाद पूरी होने के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों अंशु कुमार सिन्हा, सत्यम कुमार आर्य, बादल व सुशांत को वापस न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि रिमांड के दौरान पूछताछ के आधार पर पुलिस ने दो पिस्तौल, एक खोखा तथा बजाज पल्सर मोटरसाइकिल संख्या जेएच-18सी-6173 बरामद किया है।

## चामुंडे माता मंदिर का हुआ भूमि पूजन

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड स्थित ऋत्विक कार्यालय परिसर में गुरुवार को चामुंडे माता मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हैदराबाद से पधारे पूज्य स्वामी जी एवं उनकी टीम की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की गई। समारोह में ऋत्विक खनन परियोजना के हेड ऑफ प्रोजेक्ट सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना में भाग लेते हुए परियोजना की निरंतर समृद्धि, सुरक्षा एवं सफलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पूजा के दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। स्वामी जी ने अपने आशीर्वचन में आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन और कार्यस्थल में अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं सामूहिक प्रयासों की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक ऊर्जा से कार्यस्थल का वातावरण सकारात्मक होता है, जिससे कार्यक्षमता और आपसी समन्वय में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पूरे श्रद्धा भाव के साथ अनुष्ठान में भाग लिया और मंदिर निर्माण को लेकर उत्साह व्यक्त किया।

## कटकमसांडी प्ल्स टू उच्च विद्यालय में बाल संसद का गठन

**कटकमसांडी :** कटकमसांडी प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को बाल संसद का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी और लगभग 500 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार मसीह ने की।

पर्यवेक्षक के रूप में विद्यालय के शिक्षक इमरान अय्यूब हुसैनी ने लोकतंत्र की सारी प्रक्रिया को छात्र छात्राओं के बीच पूरी जानकारी दी। जिसके बाद उनके निर्देशन में लोकतांत्रिक पद्धति से चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई गई। विद्यालय के कुल 500 छात्र-छात्राओं ने 60 सांसदों का चयन किया गया। चयनित सांसदों ने आपस में मतदान कर प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री और विभिन्न मंत्रियों का निर्वाचन किया। निर्वाचन प्रक्रिया के बाद 9 जुलाई 2026 को विद्यालय परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी निर्वाचित मंत्री और सांसदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के शिक्षक डॉ मैनेजर नाथ पांडेय ने नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री को नाम-पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर निर्वाचित प्रधानमंत्री मनीष कुमार सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस विश्वास पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने विद्यालय के विकास, अनुशासन, स्वच्छता और छात्रहित से जुड़े कार्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने की बात कही।

# ओवरलोड बालू लदे हाइवा से उधवा की सड़कें बेहाल, रोजाना जाम और दुर्घटना का बढ़ा खतरा

### मुख्य व ग्रामीण सड़कों पर धड़ल्ले से हो रही बालू की लोडिंग-अनलोडिंग लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की



संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड क्षेत्र में अवैध रूप से ओवरलोड बालू लदे हाइवा वाहनों का परिचालन लगातार स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए बड़ी समस्या बनता जा रहा है। भारी वाहनों की आवाजाही से जहां सुबह और शाम उधवा चौक पर प्रतिदिन लंबा जाम लग रहा है।वहीं ग्रामीण सड़कों की हालत भी दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। सड़क किनारे मनमाने तरीके से बालू की लोडिंग-अनलोडिंग किए जाने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। बुधवार को भी उधवा प्रखंड के मुख्य एवं ग्रामीण सड़कों के किनारे कई स्थानों पर ओवरलोड बालू लदे हाइवा वाहनों से बालू उतारने और लोड करने का कार्य खुलेआम चलता रहा। इस दौरान फुदकीपुर, दक्षिण बेगमगंज, राधानगर, मीरनगर चौक सहित कई प्रमुख स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों, नौकरीपेशा लोगों, मरीजों और आम राहगीरों को घंटों परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क किनारे बालू डंप करने और भारी वाहनों के अनियंत्रित परिचालन से सड़कें तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही हैं। कई ग्रामीण मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिससे छोटे वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को हमेशा हादसे का डर बना रहता है। लोगों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क की आयु भी कम हो रही है और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कई स्थानों पर नियमों की अनदेखी करते हुए खुलेआम बालू की लोडिंग-अनलोडिंग की जा रही है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। इससे न केवल यातायात व्यवस्था चरमरा रही है।बल्कि पर्यावरण और जनसुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन परिवहन विभाग खनन विभाग व पुलिस प्रशासन से संयुक्त अभियान चलाकर अवैध बालू परिवहन पर तत्काल रोक लगाने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा सड़क किनारे हो रही अवैध लोडिंग-अनलोडिंग पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

## एनएसएस के विशेष शिविर का हुआ उद्घाटन



संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल मॉडल कॉलेज राजमहल, साहिबगंज में प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट1 एवं यूनिट2 द्वारा गोद लिए गए ग्राम सालबनी व भाटोटोला में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन सत्र सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों व अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर और अमर शहीद सिदो-कान्हु मुर्मू के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी मोहम्मद यूसुफ, नगर पंचायत प्रशासक दानिश हुसैन डॉ. सुब्रत सिंह एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुर्शिद राजा उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व पौधा भेंट कर सम्मानित किया। जबकि राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रमजान अली ने एनएसएस का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसके उद्देश्य आदर्श व समाज सेवा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

अपने संबोधन में नगर पंचायत प्रशासक दानिश हुसैन ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें तथा जन-जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी मोहम्मद यूसुफ ने कहा कि पहले स्वयं जागरूक बनना आवश्यक है, तभी दूसरों को प्रभावी ढंग से जागरूक किया जा सकता है।सामाजिक कार्यकर्ता मुर्शिद राजा ने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता केवल कर्म और समर्पण से ही सिद्ध होती है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्रों का व्यक्तित्व विकास, चरित्र निर्माण नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा के माध्यम से जिम्मेदार नागरिक बनाता है।साथ ही समाज को जागरूक, संवेदनशील एवं उत्तरदायी बनाने का सशक्त माध्यम है। स्वयंसेवकों को पहले स्वयं जागरूक बनना होगा। तभी वे समाज में जागरूकता का प्रभावी संदेश पहुँचा सकेंगे।कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमित कुमार ने किया। उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के शिक्षकगण कर्मचारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सैकड़ों स्वयंसेवकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## सड़क किनारे कार्य पर रोक नहीं लगाई गई तो बड़ा हादसा हो सकता है



संवाददाता

**साहिबगंज/बरहेट :** बरहेट प्रखंड स्थित तीन मोहनी चौक पर सड़क किनारे चल रही टायर मरम्मत की दुकानों के कारण आए दिन हादसों का खतरा बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अविलंब कार्रवाई की मांग की है।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कुछ टायर मिस्त्री सड़क पर ही वाहनों को खड़ा कर मरम्मत का काम करते हैं। इसके साथ ही टायर,रिम और अन्य सामान भी सड़क पर ही रख दिए जाते हैं। इससे मुख्य सड़क काफी संकरी हो गई है। इस कारण टेंपो मोटर साइकिल और अन्य छोटे-बड़े वाहनों के आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।लोगों का कहना है कि सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से हो रहे इस काम के कारण आए दिन छोटे-बड़े सड़क हादसे हो रहे हैं।राहगीरों को भी आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चे और बुजुर्गों को सड़क पार करने में सबसे ज्यादा परेशानी होती है।स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है।लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।नागरिकों का कहना है।कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया और सड़क किनारे कार्य पर रोक नहीं लगाई गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क किनारे हो रहे टायर मरम्मत कार्य की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए,ताकि यातायात सुरक्षित और सुचारु बना रहे।उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## 17 वर्ष बाद मिला न्याय, प्रशासन ने दिलाया जमीन पर कब्जा

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड स्थित केबिन गली के पास एक कट्ठा 19 धुर जमीन को लेकर करीब 17 वर्षों से चल रहे विवाद का आखिरकार पटाक्षेप हो गया न्यायालय के आदेश के बाद प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जमीन पर विधिवत दखल-कब्जा दिलाया।जानकारी के अनुसार कॉलेज रोड निवासी मोसेमात राधा देवी ने बताया कि वर्ष 2009 में उनके पति स्वर्गीय अविनाश कुमार ने केबिन गली के निकट एक कट्ठा 19 धुर जमीन खरीदी थी आरोप है कि पड़ोसी अख्तर अली ने उक्त जमीन पर कब्जा कर लिया था और अपने पक्ष में कागजात होने का दावा कर रहा था इसके बाद मामला न्यायालय पहुंचा, जहां लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद फैसला राधा देवी के पक्ष में आयाराधा देवी ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था और 17 वर्षों के संघर्ष के बाद आखिरकार न्याय मिला न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अंचल अधिकारी बास्कीनाथ टुडू, नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता एवं प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में जमीन पर उन्हें दखल-कब्जा दिलाया गया। प्रशासन की कार्रवाई के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।

## कक्षा आठवीं के तीन सौ विद्यार्थियों को मिली साइकिल





संवाददाता

**साहिबगंज :** सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को झारखंड सरकार की उन्नति का पहिया योजना के तहत कक्षा आठवीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी बासुकीनाथ टुडू एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शशि कुमार राय की उपस्थिति में पात्र विद्यार्थियों को साइकिलें प्रदान की गईं।इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय राजस्थान,मध्य विद्यालय किशन प्रसाद,मध्य विद्यालय ब्लॉक कॉलोनी,मध्य विद्यालय कृष्णा नगर, मध्य विद्यालय कमला देवी बालिका, मध्य विद्यालय बंगला बालक,मध्य विद्यालय नगर पालिका कन्या तथा मध्य विद्यालय सरपंच टोला के कक्षा आठवीं में अध्ययनरत 150 छात्र एवं 150 छात्राओं,कुल 300 विद्यार्थियों के बीच साइकिलों का वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार की इस योजना का उद्देश्य दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना,उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है।साइकिल मिलने से विद्यार्थियों का समय बचेगा,आवागमन आसान होगा और वे अपनी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रख सकेंगे।कार्यक्रम में संबंधित विद्यालयों के शिक्षक,अभिभावक व प्रखंड प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## योजनाओं की गुणवत्ता पारदर्शिता व समयबद्ध क्रियान्वयन किया जाए : उपायुक्त

### निमार्णाधीन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग एवं सतत निगरानी की जाए : उपायुक्त



संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम एनआरईपी विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं व निर्माण कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। सबसे पहले

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में तालझारी पतना बरहेट व बोरियो प्रखंड स्थित कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालयों में अतिरिक्त छः वर्ग कक्षों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बताया गया कि योजनाओं की भौतिक प्रगति 10 से 70 प्रतिशत के बीच है तथा विभिन्न स्थलों पर प्लास्टर, प्रथम तल्ला एवं प्लिंथ स्तर का कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।इसके उपरांत वित्तीय वर्ष 2025-26 में संचालित विभिन्न भवन निर्माण योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, बोरियो, बरहेट एवं पतना सहित अन्य निमार्णाधीन परियोजनाओं तथा बहुउद्देशीय केंद्र निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति प्रस्तुत की गई। बताया गया कि अधिकांश योजनाओं में 60 से 80 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण हो चुका है। उपायुक्त ने कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने और नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में अनाबद्ध निधि योजना, वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत संचालित 20 निमार्णाधीन योजनाओं की भी समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि 09 योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण कर अधियाचना भेजी गई है। अथवा जबकि 11 योजनाओं में 70 से 90 प्रतिशत तक कार्य संपन्न हो गया है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।अनाबद्ध निधि योजना, वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत संचालित विभिन्न स्थानो पर जलाआपूर्ति सहित दो शैचालय निर्माण योजनाओं की समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि कुल 14 योजनाओं में से 4 योजनाएँ पूर्ण हो चुकी हैं तथा शेष योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिए। जिसमें जिला समाज कल्याण योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में निमार्णाधीन 32 आंगनवाड़ी केंद्रों की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि 17 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य भौतिक रूप से पूर्ण हो चुका है। 15 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्देश दिया गया कि शेष आंगनबाड़ी का निर्माण कार्य दो माह के अंदर पूर्ण कराकर संचालन प्रारंभ किया जाय।समीक्षा के दौरान जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी निमार्णाधीन योजनाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग एवं सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए।बैठक में कार्यपालक अभियंता एनआरईपी देवीलाल हांसदा सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता उपस्थित थे।

# फीफा विश्व कप 2026: गोल्डन बूट की दौड़ में एमबाप्पे सबसे आगे, मेसी दूसरे स्थान पर

एजेंसी



**नई दिल्ली :** फीफा विश्व कप 2026 अब अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। फ्रांस ने मोरक्को को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश भी कर लिया है। इसी के साथ टूनामेंट के सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी को मिलने वाले गोल्डन बूट की दौड़ भी रोमांचक होती जा रही है। फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे 8 गोल और 3 असिस्ट के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।

अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी भी 8 गोल कर चुके हैं, लेकिन उनके नाम केवल 1 असिस्ट होने के कारण वे दूसरे स्थान पर हैं। नॉर्वे के एरलिंग हालैंड 7 गोल के साथ तीसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के हैरी केन 6 गोल और 1 असिस्ट के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि फ्रांस के उस्मान डेम्बेले 5 गोल और 2 असिस्ट के साथ पांचवें स्थान पर काबिज हैं। इसके अलावा सेनेगल के इस्माइला सार, स्पेन के मिकेल ओयारजाबाल, मेक्सिको के जूलियन क्विनोनेस, इंग्लैंड के जूड बेलिंघम और ब्राजील के विनीसियस जूनियर ने 4-4 गोल किए हैं। इन सभी खिलाड़ियों के नाम 1-1 असिस्ट भी दर्ज है, जिससे क्वार्टर फाइनल के बाद गोल्डन बूट की यह जंग और भी दिलचस्प हो गई है। फीफा के नियमों के अनुसार यदि दो या उससे अधिक खिलाड़ी समान संख्या में गोल करते हैं, तो पहले असिस्ट की संख्या और उसके बाद मैदान पर खेले गए कम मिनट के आधार पर विजेता का फैसला किया जाएगा। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के साथ गोल्डन बूट की यह जंग और भी रोमांचक हो गई है।

# एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप भारत ने पहले दिन जीता 1 स्वर्ण समेत 5 पदक



एजेंसी

**ओरडोस (चीन) :** एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में भारत ने शानदार शुरूआत करते हुए गुरुवार को पहले ही दिन एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य सहित कुल पांच पदक अपने नाम किए। भारत का एकमात्र स्वर्ण पदक मिक्स्ड 4७400 मीटर रिले टीम ने जीता। आस्तिक प्रधान, सैंड्रा मोल साबू, सेतु मिश्रा और श्रावणी सचिन सांगले की भारतीय चौकड़ी ने 3:18.64 सेकेंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह दिन का भारत के लिए आखिरी इवेंट था। भारत का पहला पदक भरतप्रीत सिंह ने दिलाया, जिन्होंने पुरुष डिस्कस थ्रो में 52.91 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। चीन के ली झिक्सिन ने 60.79 मीटर के साथ स्वर्ण और उनके ही देश के जियांग जेहाओ ने 59.60 मीटर के साथ रजत पदक जीता। पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में भारत ने दो पदक हासिल किए। शिवाजी परशुराम मदप्पागौड़ा ने 14:08.19 मिनट के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि विनोद सिंह ने 14:23.67 मिनट में दौड़ पूरी कर कांस्य पदक अपने नाम किया। जापान के रुई सुजुकी ने 14:01.24 मिनट के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। दिन का पांचवां पदक प्राची देवकर ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में जीता। उन्होंने 10:32.69 मिनट का समय निकालकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में चीन की यांग यीतिंग ने 10:14.68 मिनट के साथ स्वर्ण और लियू युक्सिन ने 10:25.51 मिनट के साथ रजत पदक जीता। एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले संस्करण में भारत की ओर से 53 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन के प्रदर्शन के साथ भारतीय दल ने प्रतियोगिता में दमदार शुरूआत की है।

# शतरंज प्रतियोगिता में मानस, श्रिया, संभव-आलोक बने चैंपियन

एजेंसी



रांची : सामाजिक संस्था ओथ के तत्वावधान में कांके रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल, गांधीनगर में गुरुवार को एक दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14 बालिका वर्ग में श्रिया, अंडर-14 बालक वर्ग में मानस, अंडर-17 बालिका वर्ग में अनुष्का, अंडर-17 बालक वर्ग में संभव, अंडर-19 बालिका वर्ग में मानसी तथा अंडर-19 बालक वर्ग में आलोक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वैशाली, आयुष्मान, मानसी प्रिया, मोहित, वैभवी और अपूर्व अपने-अपने वर्ग में उपविजेता रहे। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन ओथ के ट्रस्टी दीपक बंका, विद्यालय के प्राचार्य पी. के. झा तथा संस्था के वरिष्ठ सदस्य अमित कुमार ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर दीपक बंका ने कहा कि शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि मानसिक विकास, एकाग्रता, तार्किक सोच और निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथियों और ओथ संस्था के पदाधिकारियों ने पुरस्कार और उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कृष्णा प्रसाद, अमित दत्ता, शरद नाथ उपाध्याय, गोविंद झा, सोमा घटक, कौशल किशोर एवं रूपराज सहित बडी संख्या में विद्यार्थी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# इंग्लैंड ने भारत को चौथे टी20 में 9 विकेट से रौंदा, 5 मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बनाई

एजेंसी



**ब्रिस्टल :** हैरी ब्रूक और फिल सॉल्ट की नाबाद शतकीय साझेदारी की बदौलत इंग्लैंड ने गुरुवार को चौथे टी20 मुकाबले में भारत को 9 विकेट से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। इंग्लैंड ने 159 रन का लक्ष्य केवल 13.5 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसके साथ ही इंग्लैंड ने 2019 के बाद पहली बार किसी भी प्रारूप में भारत के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज अपने नाम की। वहीं, भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद लगातार छठी टी20 हार दर्ज हुई। भारत की ओर से दिए गए 159 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और अर्शदीप सिंह ने तीसरे ओवर में कप्तान जोस बटलर को आउट कर दिया। हालांकि इसके बाद हैरी ब्रूक और फिल सॉल्ट ने भारतीय गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। ब्रूक ने केवल 21 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 79 रन बनाए। वहीं सॉल्ट ने भी शुरूआती धीमी शुरूआत के बाद शानदार वापसी करते हुए 59 रन की नाबाद पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी कर इंग्लैंड को आसान जीत दिलाई।

इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 158/7 का स्कोर बनाया। शुरूआती झटकों के बाद श्रेयस अय्यर ने शानदार जिम्मेदारी निभाई और 49 गेंदों में नाबाद 80 रन बनाए। उन्होंने अंतिम ओवरों में आदिल राशिद पर हमला बोलते हुए तेज रन जुटाए, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिला। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर और जॉश टंग ने दो-दो विकेट हासिल किए। आर्चर ने एक बार फिर वैभव सूर्यवंशी को शॉर्ट गेंद पर आउट किया, जबकि टंग ने ईशान किशन और तिलक वर्मा को पवेलियन भेजा।



# 'लॉकअप 2' में 'भाभी जी' की एंट्री

## रियलिटी शो में पहली वाइल्डकार्ड प्रतिभागी बनकर पहुंचीं शिल्पा शिंदे

**रियलिटी** शो 'लॉकअप' के दूसरे सीजन में पहली वाइल्डकार्ड एंट्री हो गई है। अभिनेत्री शिल्पा शिंदे शो में पहुंची हैं। 'लॉकअप सीजन 2' में भरपूर ड्रामा देखने को मिल रहा है। प्रतिभागी अपनी जिंदगी से जुड़े नए-नए और दिलचस्प खुलासे कर रहे हैं। शो के इस ड्रामे में अब और भी तड़का लगने वाला है। शिल्पा शिंदे भी इस रियलिटी शो में पहुंच चुकी हैं। उन्होंने पहली वाइल्डकार्ड प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लिया है। अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने रविवार को आधिकारिक तौर पर इस शो में एंट्री की। बता दें कि कुछ दिनों पहले शिल्पा शिंदे साल 2016 में 'भाभीजी घर पर हैं!' छोड़ने के बाद दर्ज कराई गई शोषण की शिकायत पर अपनी टिप्पणियों को लेकर सुर्खियों में रही थीं।

**आत्मविश्वास से लबरेज दिखीं शिल्पा-** 'लॉकअप 2' को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। शो में खूब गरमागरम बहस, इमोशनल खुलासे हो रहे हैं। पहला एविक्शन हो चुका है। शिल्पा शिंदे के घर में पहली वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर आने से, कॉम्पिटिशन के एक और ड्रामैटिक मोड़ लेने की उम्मीद है। मेकर्स ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक प्रमोशनल वीडियो शेयर करके 'लॉकअप 2' में शिल्पा शिंदे की एंट्री की घोषणा की।

# 'हैरान और दुखी हूं'

- 'सतलुज' के OTT से हटाए जाने पर शुरू हुआ हंगामा
- दिलजीत दोसांझ के सपोर्ट में आए पॉलिटिशियन

**दिलजीत** दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' को जी5 से हटाए जाने के बाद अभिनेता का बयान आया है। इस मामले पर कई दूसरी हस्तियों ने भी प्रतिक्रिया दी है। कुछ ने दिलजीत का समर्थन किया है। दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' को रिलीज होने के सिर्फ दो दिन बाद ही ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 से हटाए जाने के बाद पंजाब में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। देश के प्रमुख गुरुद्वारों का प्रबंधन करने वाली संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) और शिरोमणि अकाली दल ने इस फिल्म का समर्थन किया है।

### अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला है

उन्होंने आगे कहा 'यह सिर्फ सेंसरशिप नहीं है- यह हमारी याददाश्त, सच्चाई और अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला है। मैं इस कदम की कड़ी निंदा करता हूं। पंजाब को अपने अतीत का ईमानदारी से सामना करने का हक है, न कि उसे दबाने का।'



### सुखबीर सिंह बादल ने की निंदा

इस मामले पर शिरोमणि अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने एक्स पर कहा 'भारत में जी5 से 'सतलुज' को मनमाने ढंग से हटाए जाने से मैं हैरान और दुखी हूं। एक दमदार फिल्म जो हिम्मत के साथ पंजाब के दर्दनाक इतिहास को सामने लाती है और सरदार जसवंत सिंह जी खालरा के बलिदान का सम्मान करती है, उसे इस तरह दबाया नहीं जा सकता।'

# 'ओहदियां खेदां' से 12 साल बाद संगीत की दुनिया में लौटे हंस राज हंस



**गायक** से राजनेता बने हंस राज हंस ने एक दशक से अधिक समय बाद संगीत की दुनिया में अपनी वापसी को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। अपने सफर को याद करते हुए हंस राज हंस ने बताया कि दोस्तों के प्यार और हौसले ने उन्हें अपने नए गाने 'ओहदियां खेदां' के साथ फिर से संगीत की दुनिया में लौटने के लिए प्रेरित किया। संगीत में वापसी को लेकर उन्होंने आईएएनएस से कहा, 'मेरा ध्यान संगीत से हट गया था। मैंने शोबिज छोड़कर राजनीति का रास्ता चुना, जिसे मैं समाज और देश की सेवा मानता हूं। इसी वजह से मेरे गायन में 12-13 साल का लंबा अंतर आ गया।' उन्होंने आगे कहा, 'फिर मैंने सोचा कि अब मुझे अपने सभी कामों से रिटायर हो जाना चाहिए, लेकिन मेरे दोस्त संजीव आनंद ने कहा कि लोग आज भी मेरे गाने सुनना चाहते हैं। मैंने उनसे कहा कि मैं तो रोज गाता हूं। तब उन्होंने कहा कि मुझे फिर से लोगों के बीच आना चाहिए। उनकी बात मानकर मैंने अपना नया गाना 'ओहदियां खेदां' रिलीज किया। '

उनके नए गाने के बोल संजीव आनंद ने लिखे हैं, जबकि इसका संगीत अमदाद अली ने तैयार किया है। यह गाना 'आनंद रिकॉर्ड्स' के बैनर तले रिलीज किया गया है।

अपने नए गाने के बारे में हंस राज हंस ने कहा कि यह उनके लिए अपनी भावनाओं और विचारों को लोगों तक पहुंचाने का एक खास माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह गाना सीधे तौर पर आध्यात्मिक नहीं है, लेकिन इसके बोल जीवन की गहरी सोच और अनुभवों को बयां करते हैं। इसे सुनते समय एक अलग तरह का आध्यात्मिक एहसास भी होता है। हंस राज हंस 'दिल तोते-तोते हो गया', 'दिल चोरी साडा हो गया', 'नित खैर मंगा' और 'सिली-सिली हवा' जैसे लोकप्रिय गानों के लिए जाने जाते हैं। बाद में उन्होंने राजनीति में कदम रखा। अपने राजनीतिक सफर के दौरान वे शिरोमणि अकाली दल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे। वह सांसद के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

साल 2009 के लोकसभा चुनाव में हंस राज हंस ने शिरोमणि अकाली दल में शामिल होकर पंजाब की जालंधर लोकसभा सीट से चुनाव लड़कर राजनीति में कदम रखा।



# 'हेरा फेरी 3' पर अक्षय कुमार ने ठोका दावा

## प्रोडक्शन हाउस ने कहा- सारे राइट्स हमारे पास, कोई इसे न बनाए

**अक्षय** कुमार की प्रोडक्शन कंपनी Cape of Good Films LLP ने 'हेरा फेरी 3' को लेकर एक पब्लिक नोटिस जारी किया है. नोटिस में साफ कहा गया है कि इस फिल्म को बनाने, रिलीज करने और हर प्लेटफॉर्म पर इस्तेमाल करने का पूरा अधिकार सिर्फ उनके पास ही है. कल्ट क्लासिक कॉमेडी 'हेरा फेरी' लंबे वक्त से विवादों में है. इस फिल्म के तीसरे पार्ट को लेकर काफी चर्चा है, पर फिल्म कब आएगी और कौन बनाएगा, पर तस्वीर धुंधली ही नज़र आ रही है. इस बीच अब अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस 'केप ऑफ गुड फिल्म्स एलएलपी' ने एक पब्लिक नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि 'हेरा फेरा' के हर तरह के राइट्स उनके पास ही हैं. साथ ही नोटिस में डिस्ट्रीब्यूटर्स से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक से कहा है गया है बिना इजाजत इस फिल्म से जुड़ा कोई भी काम न किया जाए. अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस की ओर से जारी नोटिस में लिखा गया है, 'आम जनता को और खासतौर पर फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े सभी लोगों को- चाहे वो डिस्ट्रीब्यूटर हों, थिएटर मालिक हों, OTT और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म हों, टीवी चैनल हों, डिजिटल प्लेटफॉर्म हों या फिर विज्ञापन देने वाले- सभी को सूचित किया जाता है कि केप ऑफ गुड फिल्म्स एलएलपी के पास 'हेरा फेरी 3' को बनाने, रिलीज करने, प्रमोट करने और हर तरह से इस्तेमाल करने का दुनियाभर में, हमेशा के लिए, पूरा लाइसेंस है. ये अधिकार किसी भी माध्यम, किसी भी प्लेटफॉर्म और किसी भी तकनीक के जरिए, चाहे वो आज मौजूद हो या भविष्य में आए, इस्तेमाल किया जा सकता है. '

# फीफा विश्व कप 2026: फ्रांस ने मोरक्को को 2-0 से हराया, लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में पहुंचा

एजेंसी



**फॉक्सबोरो (अमेरिका) :** गत उपविजेता फ्रांस ने फीफा विश्व कप 2026 के क्वार्टर फाइनल में गुरुवार को मोरक्को को 2-0 से हराकर लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब फ्रांस का सामना अंतिम चार में स्पेन और बेल्जियम के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम से होगा। मैच की शुरूआत से ही फ्रांस ने आक्रामक खेल दिखाया। चौथे मिनट में कप्तान किलियन एमबाप्पे गोल करने से मामूली अंतर से चूक गए। पहले हाफ में फ्रांस का दबदबा इतना रहा कि मोरक्को इंजरी टाइम तक गोल पर एक भी प्रभावी शॉट नहीं लगा सका। फ्रांस को 25वें मिनट में पेनाल्टी मिली, लेकिन लंबी वीडियो समीक्षा के बाद एमबाप्पे का कमजोर शॉट मोरक्को के गोलकीपर यासीन बोनू ने शानदार तरीके से बचा लिया। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कोई गोल नहीं हुआ और स्कोर 0-0 रहा। दूसरे हाफ में फ्रांस ने दबाव बढ़ाया और 60वें मिनट में एमबाप्पे ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। यह इस विश्व कप में उनका आठवां गोल और विश्व कप नॉकआउट मुकाबलों में 12वां गोल रहा। इसके साथ ही उन्होंने विश्व कप इतिहास में अपने कुल गोलों की संख्या 20 तक पहुंचा दी। फ्रांस ने बढ़त के छह मिनट बाद ही दूसरा गोल दाग दिया। एमबाप्पे के बेहतरीन पास पर उस्मान डेम्बेले ने मोरक्को की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए गेंद को गोल में पहुंचाकर स्कोर 2-0 कर दिया। मैच के 77वें मिनट में एमबाप्पे हल्की चोट के कारण मैदान से बाहर चले गए और बेंच पर उनके टखने पर बर्फ लगाई गई। मोरक्को ने अंतिम मिनटों में वापसी की कोशिश की और कई अवसर भी बनाए, लेकिन फ्रांस की मजबूत रक्षापंक्ति के सामने वह गोल करने में सफल नहीं हो सका। 2022 विश्व कप के सेमीफाइनल की तरह इस बार भी फ्रांस ने मोरक्को को हराकर टूनार्मेंट से बाहर कर दिया।

# आधुनिक खेती की पहचान बनीं सुकमा की बेटी सोढ़ी तिरपो

–जब हल–बैल छूटे और हाथों में थमा पावर टिलर

**एजेंसी**

**रायपुर :** कभी खेत की मेड़ों पर हल-बैल के सहारे मेहनत करने वाली एक ग्रामीण महिला आज आधुनिक कृषि मशीन का आत्मविश्वास से संचालन कर रही है। यह बदलाव केवल खेती के तरीके का नहीं, बल्कि सोच, साहस और आत्मनिर्भरता का भी है। सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के ढोढरा गांव की सोढ़ी तिरपो ने यह साबित कर दिया है कि अवसर, प्रशिक्षण और विश्वास मिले तो ग्रामीण महिलाएं विकास की नई दिशा तय कर सकती हैं। सोढ़ी तिरपो की कहानी संघर्ष से सफलता तक की ऐसी यात्रा है, जिसने पूरे गांव में नई उम्मीद जगाई है। कभी खेत की जुताई के लिए दूसरों पर निर्भर रहने वाली सोढ़ी आज स्वयं पावर टिलर चलाकर न केवल अपनी खेती कर रही हैं, बल्कि अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं।

**हल–बैल से मशीन तक का सफर**

एक समय था जब खेती का हर काम पारंपरिक तरीकों से होता था। हल-बैल के भरोसे खेत तैयार करना कठिन, समय लेने वाला और श्रमसाध्य था। आधुनिक कृषि यंत्रों को चलाना तो दूर, उन्हें छूने तक का आत्मविश्वास नहीं था।

लेकिन बिहान योजना ने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में तुलसी महिला ग्राम संगठन द्वारा संचालित कस्टम हायरिंग सेंटर से उन्हें पावर टिलर संचालन का प्रशिक्षण मिला। क्लस्टर पीआरपी श्रीमती पूजा कोड़ी के सतत मार्गदर्शन और अपनी मेहनत के बल पर उन्होंने वह कर दिखाया, जिसे कभी असंभव समझा जाता था।



आज सोढ़ी तिरपो पूरी दक्षता और आत्मविश्वास के साथ पावर टिलर चलाती हैं। मशीन की हर बारीकी समझती हैं और उसका रख-रखाव भी स्वयं करती हैं।

**आधुनिक खेती से बढ़ी रफ्तार, घटी लागत**

सोढ़ी तिरपो अपने 30 डिसमिल खेत में मक्का और मिर्च की खेती आधुनिक तकनीकों से कर रही हैं। पावर टिलर के उपयोग से खेती का काम पहले की तुलना में कहीं अधिक तेज, आसान और कम खचीर्ला हो गया है। समय की बचत के साथ उत्पादन और फसल की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है।

**एक महिला नहीं, पूरे गांव के बदलाव की कहानी**

सोढ़ी तिरपो की सफलता केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है। कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से आसपास के छोटे और सीमांत किसान भी उचित किराए पर कृषि यंत्र प्राप्त कर समय पर खेती कर रहे हैं। इससे खेती की लागत कम हुई है और आधुनिक तकनीक गांव-गांव तक पहुंच रही है। आज सोढ़ी केवल मशीन नहीं चलातीं, बल्कि किसानों को समय पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने, उनके रख-रखाव और संचालन की जिम्मेदारी भी निभाती हैं। उनकी सफलता ने गांव की अनेक महिलाओं के मन से संकोच और झिझक को दूर कर दिया है। अब वे भी आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए आगे आ रही हैं।

**बदलाव की मिसाल बनी बिहान योजना**

सोढ़ी तिरपो की कहानी इस बात का सशक्त प्रमाण है कि जब सरकारी योजनाएं सही लोगों तक पहुंचती हैं और उन्हें प्रशिक्षण व मार्गदर्शन का साथ मिलता है, तब परिवर्तन केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे समाज को नई दिशा देता है। बिहान योजना और कस्टम हायरिंग सेंटर ने सोढ़ी तिरपो को केवल एक आधुनिक किसान ही नहीं बनाया, बल्कि उन्हें महिला सशक्तीकरण, आत्मनिर्भरता और तकनीकी कृषि की ऐसी पहचान दी है, जो आज सुकमा ही नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। सोढ़ी तिरपो का यह सफर बताता है कि बदलाव की शुरूआत किसी बड़े शहर से नहीं, बल्कि गांव की उस महिला से भी हो सकती है, जो अवसर मिलने पर अपने हाथों से भविष्य की नई तस्वीर गढ़ने का साहस रखती है।

योगी सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को दे रही है सुनहरा अवसर

# नि:शुल्क ओ-लेवल व सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु आवेदन शुरू

**एजेंसी**

**प्रयागराज :** योगी सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के बेरोजगार युवक-युवतियों को डिजिटल रूप से सशक्त और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निःशुल्क ओ-लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 20 जुलाई, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी शुक्रवार को जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कोमिल द्विवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का



लाभ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पात्र अभ्यर्थियों को मिलेगा। आवेदन के लिए परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा आय एवं जाति प्रमाण पत्र तहसील स्तर से निर्गत होना आवश्यक है। अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट (10+2) तथा अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद उसकी प्रिंट कॉपी के साथ आय, जाति, आधार कार्ड एवं शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित सभी आवश्यक अभिलेख कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कक्ष संख्या-65, विकास भवन, प्रयागराज में 20 जुलाई, 2026 को सायं 5 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा।

**कहां और कैसे करना है आवेदन**

पोर्टल www. msme. up. gov.in पर समस्त प्रपत्रों (आधार कार्ड, बैंक पासबुक, शैक्षिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र) सहित ऑनलाइन आवेदन करने है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने पात्र युवक-युवतियों से समय रहते आवेदन करने की अपील करते हुए कहा कि यह योजना युवाओं को कंप्यूटर कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## कोलकाता समेत पूरे बंगाल में भारी बारिश की संभावना, नदियों का जलस्तर बढ़ा

**कोलकाता :** महानगर कोलकाता समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और वैश्विक मौसम पूवार्नुमान प्राप्त ताजा आंकड़ों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के चलते आज राज्य के कई हिस्सों में भारी वर्षा और गर्जन के साथ तीव्र बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने तटीय और निचले इलाकों के लिए विशेष सतर्कता बरतने की चेतावनी जारी की है। कोलकाता और इसके आसपास के क्षेत्रों में कई दिनों से ही आसमान में घने बादल छाए हुए हैं। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। हवा में 80 से 90 प्रतिशत तक नमी दर्ज की गई है, जिसके कारण वर्षा के बीच भी लोगों को उमस का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, दिन और रात के दौरान गर्जन के साथ भारी वर्षा की संभावना 90 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है। दक्षिण–पश्चिम दिशा से 12 से 16 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं, जो वर्षा की तीव्रता को और बढ़ा सकती हैं। कोलकाता, हावड़ा, हुगली तथा उत्तर और दक्षिण 24 परगना में मध्यम से भारी वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है। निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## बिहार के सीवान में पुलिस टीम पर हमला व फायरिंग मामले में आरोपी ललन चौबे गिरफ्तार

**सीवान :** सीवान जिले के दरौली थाना क्षेत्र के मेलहनी घाट पर पुलिस टीम पर हमला और फायरिंग के बहुचर्चित मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले के वांछित अभियुक्त ललन सिंह उर्फ ललन चौबे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है और मामले में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। एसपी ने बताया कि 17 फरवरी 2026 को दरौली थाना क्षेत्र के मेलहनी घाट पर दरौली थाना पुलिस एवं मद्यनिषेध एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, पटना की संयुक्त टीम अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान शराब माफियाओं ने पुलिस टीम पर हमला कर फायरिंग की थी। इस संबंध में दरौली थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि तकनीकी अनुसंधान एवं आसूचना के आधार पर इस मामले में पहले दिलीप बीन और महेत बीन को 18 फरवरी 2026 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसके बाद विक्रम बीन को 6 मई 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। एसपी पूरन कुमार झा ने बताया कि अनुसंधान के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर घटना में संलिप्त ललन सिंह उर्फ ललन चौबे, पिता योगेन्द्र चौबे, निवासी संठी, थाना रघुनाथपुर, जिला सीवान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस कांड के एक अन्य आरोपी प्रकाश उपाध्याय को भी 8 जुलाई 2026 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामले में आवश्यक पूछताछ के लिए आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेने की प्रक्रिया की जाएगी। एसपी ने कहा कि इस कार्रवाई में दरौली थाना के अपर थानाध्यक्ष पु.अ.नि. अभिषेक कुमार एवं थाना के अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

## बारुईपुर हिंसा मामला : पुलिस पर हमले और मॉब लिंचिंग प्रकरण में पांच और गिरफ्तार, कुल 35 आरोपित पकड़े गए

**दक्षिण :** जिले के बारुईपुर के सूर्यपुर में नाबालिग लड़की की हत्या के बाद भड़की हिंसा, मॉब लिंचिंग और पुलिस पर हमले के मामले में पुलिस ने पांच और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर 35 हो गई है। पुलिस का कहना है कि अन्य फरार आरोपितों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है और गिरफ्तारियों की संख्या बढ़ सकती है। बारुईपुर में एक 12 वर्षीय नाबालिग लड़की का शव तालाब से मिलने के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया था। इसी दौरान भीड़ ने संदेह के आधार पर एक युवक को घर से निकालकर पीट–पीटकर मार डाला। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने घटनास्थल का दौरा कर कहा था कि मॉब लिंचिंग में मारा गया युवक निर्दोष था और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद सूर्यपुर क्षेत्र में लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया था। पुलिस जब स्थिति को नियंत्रित करने पहुंची तो उस पर भी हमला किया गया। इस मामले में पुलिस ने मॉब लिंचिंग और पुलिस पर हमले को लेकर दो अलग–अलग मामले दर्ज किए हैं। दोनों मामलों में पहले 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। बाद में 12 और आरोपित पकड़े गए। गुरुवार सुबह तक गिरफ्तारियों की संख्या 30 थी, जबकि रात में पांच और लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी आरोपितों से पुलिस हिरासत में पूछताछ की जा रही है। मॉब लिंचिंग में मारे गए युवक के परिजनों का आरोप है कि वह घटना के समय घर में सो रहा था। भीड़ उसे जबरन घर से बाहर खींचकर ले गई और पीट–पीटकर उसकी हत्या कर दी। परिवार ने दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। उधर, नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में अब तक मुख्य आरोपित सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार, इनमें से एक आरोपित प्रभास मंडल की घटना के पुनर्निर्माण के दौरान पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई। पुलिस का दावा है कि प्रभास ने पुलिस का हथियार छीनकर भागने और गोली चलाने की कोशिश की थी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया। इस मुठभेड़ की न्यायिक जांच कराई जाएगी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, नाबालिग लड़की पिछले शनिवार से लापता थी और रविवार सुबह उसका शव तालाब से बरामद हुआ था। आरोप है कि सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई। इस मामले की जांच जारी है।

## दीघा के शंकरपुर से समुद्र गए 16 मछुआरे लापता

**पूर्व मेदिनीपुर :** मेदिनीपुर जिले के शंकरपुर से गहरे समुद्र में मछली पकड़ने गए मांझी सहित 16 मछुआरों के लापता होने की घटना से तटीय क्षेत्र में गहरी चिंता व्याप्त है। कई दिन बीतने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चलने से परिजनों में भारी चिंता और बेचैनी का वातावरण है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत दो जुलाई को शंकरपुर मत्स्य बंदरगाह से ₹जय मां काली₹ नामक एक मछली पकड़ने वाला ट्रॉलर गहरे समुद्र के लिए रवाना हुआ था। इस ट्रॉलर में मांझी सहित कुल 16 मछुआरे सवार थे। निर्धारित समय बीतने के बाद भी ट्रॉलर के बंदरगाह पर वापस नहीं लौटने तथा उससे संपर्क स्थापित नहीं हो पाने के कारण चिंता बढ़ गई। गुरुवार रात घटना के संज्ञान में आने के बाद शंकरपुर फिशरमैन फिश ट्रेडर्स एसोसिएशन के सचिव तथा पूर्व विधायक स्वदेश रंजन नायक ने मामले की जानकारी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों को दी है। साथ ही, लापता ट्रॉलर और मछुआरों की शीघ्र तलाश के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया गया है। मछुआरा संगठन की ओर से समुद्र और आकाश मार्ग से व्यापक खोज अभियान चलाने की मांग की गई है। विशेष रूप से हेलीकॉप्टर के माध्यम से खोज अभियान चलाने की अपील की गई है, ताकि लापता मछुआरों का शीघ्र पता लगाया जा सके। इधर, परिजन अपने प्रियजनों के सकुशल लौटने की आशा में प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## मप्र: मुख्यमंत्री आज करेंगे 5,017 करोड़ की उज्जैन जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन परियोजना का भूमि पूजन

**एजेंसी**

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शुक्रवार को उज्जैनझ्झजावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन मार्ग परियोजना का भूमि पूजन करेंगे। लगभग 98.73 किलोमीटर लंबी इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण 5,017 करोड़ रुपये की लागत से मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा किया जाएगा। जनसम्पर्क अधिकारी अरुण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परियोजना उज्जैन दक्षिण, घट्टिया, नागदा-खाचरौद, आलोट एवं जावरा विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। दो वर्ष में पूर्ण होने वाली इस परियोजना से लगभग 35 लाख आबादी तथा 62 ग्राम प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि ग्रीनफील्ड फोरलेन



मार्ग के निर्माण से उज्जैन को दिल्लीझ्झमुंबई एक्सप्रेस-वे से सीधा एवं तेज संपर्क मिलेगा। विशेष रूप से सिंहस्थ-2028 के दौरान राजस्थान, गुजरात तथा देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए यह मार्ग अत्यंत सुगम और सुविधाजनक साबित होगा। साथ ही इंदौर, भोपाल एवं मालवा क्षेत्र की कनेक्टिविटी भी और अधिक सुदृढ़ होगी। परियोजना के अंतर्गत 98.73 किलोमीटर ग्रीनफील्ड फोरलेन मार्ग, 3 रेल ओवरब्रिज, 9 वृहद पुल, 26 मध्यम पुल तथा 417 पुलियों का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जावरा बायपास पर दिल्लीझ्झमुंबई एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज से महूझ्झनीमच फोरलेन मार्ग तक दोनों ओर सर्विस रोड का भी निर्माण प्रस्तावित है। जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार यह परियोजना क्षेत्र के औद्योगिक, व्यापारिक एवं कृषि विकास को नई गति प्रदान करेगी। किसानों को अपनी उपज विभिन्न कृषि उपज मंडियों तक शीघ्र पहुँचाने में सुविधा मिलेगी, वहीं उद्योगों, लॉजिस्टिक्स एवं निवेश गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। बेहतर सड़क संपर्क से यात्रा समय एवं ईंधन की बचत होगी तथा सड़क सुरक्षा में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा। उज्जैनझ्झजावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन परियोजना मध्य प्रदेश की प्रमुख आधारभूत संरचना परियोजनाओं में से एक है, जिसके पूर्ण होने पर प्रदेश की आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी तथा मालवा क्षेत्र के समग्र विकास को महत्वपूर्ण गति प्राप्त होगी।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज भाजपा की प्रदेश स्तरीय बैठक में होंगे शामिल

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज शुक्रवार को राजधानी रायपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 10:45 बजे अपने निवास से भाजपा कार्यालय के लिए रवाना होंगे। बैठक लगभग दो घंटे तक चलेगी। इसमें संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ–साथ विभिन्न समसामयिक एवं राजनीतिक विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। बैठक में प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और संगठन से जुड़े प्रमुख नेता भी मौजूद रहेंगे। बैठक समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने निवास लौटेंगे।

# बांग्लादेश ने स्टारलिंक को दी बैंडविड्थ निर्यात की अनुमति नेपाल के लिए सैटेलाइट इंटरनेट का नया रास्ता खुला

**एजेंसी**

**काठमांडू :** बांग्लादेश ने अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक को दक्षिण एशियाई देशों के लिए बैंडविड्थ निर्यात करने की औपचारिक अनुमति दे दी है। बांग्लादेश दूरसंचार नियामक आयोग (बीटीआरसी) ने स्टारलिंक को अपने दूरसंचार ढांचे का उपयोग कर सीमा पार इंटरनेट ट्रैफिक भेजने की स्वीकृति प्रदान की है। इस फैसले के बाद नेपाल और भूटान जैसे स्थल-रुद्ध (लैंडलॉक्ड) देशों के लिए बांग्लादेश सैटेलाइट इंटरनेट का प्रमुख ह्यट्रांजिट हबह्न बन सकता है। नई व्यवस्था के तहत स्टारलिंक बांग्लादेश की समुद्री सबमरीन केबल से प्राप्त अंतरराष्ट्रीय बैंडविड्थ को सैटेलाइट के माध्यम से नेपाल तक पहुंचा सकेगा। बांग्लादेश के अखबार डेली स्टार के अनुसार, इस प्रक्रिया में बांग्लादेश बिना किसी अतिरिक्त फिल्टरिंग के बैंडविड्थ उपलब्ध कराएगा। बांग्लादेश के सैटेलाइट




विशेषज्ञ और पुकु डॉट एसएच के प्रबंध निदेशक मुस्तफा महमुद हुसैन का कहना है कि यदि नेपाल सरकार अनुमति देती है तो नेपाली उपभोक्ता आसानी से स्टारलिंक की इंटरनेट सेवा का उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने इस व्यवस्था को ह्यविदेशी एंकर के साथ बेंट पाइप संरचना बताया।

उन्होंने कहा कि नेपाल में उपभोक्ता के घर पर लगे स्टारलिंक डिश (टर्मिनल) से लगभग 550 किलोमीटर ऊपर लो-अर्थ ऑर्बिट में मौजूद सैटेलाइट तक सिग्नल भेजा जाएगा। तकनीकी रूप से नेपाल में ग्राहक की डिश के अलावा किसी अतिरिक्त हार्डवेयर, गेटवे या सर्वर की आवश्यकता नहीं होगी। ऐसे में बांग्लादेश को डेटा ट्रैम्पोलिनह्न के रूप में उपयोग कर दक्षिण एशियाई बाजार में प्रवेश करने की रणनीति को एलन मस्क की बड़ी सफलता माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि बांग्लादेश ने बैंडविड्थ निर्यात के बदले विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लिए भी प्रभावी बातचीत की है। स्टारलिंक लंबे समय से नेपाल में अपनी सेवा शुरू करने की इच्छा जता रहा है। हाल ही में कंपनी की निदेशक रेबेका हंटर काठमांडू पहुंचीं और संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री विक्रम तिमिल्सिना से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नेपाल में इंटरनेट सेवा शुरू करने की अनुमति मांगी, लेकिन मौजूदा नीतिगत और कानूनी जटिलताओं के कारण अनुमति न मिलने की शिकायत भी की। इससे पहले स्टारलिंक प्रमुख एलन मस्क ने तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ वर्चुअल बातचीत में माउंट एवरेस्ट (सगरमाथा) की चोटी तक स्टारलिंक सेवा पहुंचाने की इच्छा जताई थी। वहीं, पिछले कुछ वर्षों से नेपाल के हिमालयी क्षेत्रों में स्टारलिंक इंटरनेट के अवैध उपयोग की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण के सहायक प्रवक्ता प्रदीप पौड्याल के अनुसार, स्टारलिंक को नेपाल में सीधे ग्राहकों को सेवा देने के लिए अनिवार्य रूप से पंजीकरण कर अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति वह न तो सीधे इंटरनेट सेवा बेच सकता है और न ही नेपाल की सीमा के भीतर सैटेलाइट सिग्नल का डाउनलिंक कर सकता है। हालांकि नेपाल के इंटरनेट सेवा प्रदाता किसी भी अंतरराष्ट्रीय सैटेलाइट दूरसंचार कंपनी से बैंडविड्थ खरीदकर अपने ग्राहकों को बेच सकते हैं। पौड्याल ने कहा कि किस देश या कंपनी से बैंडविड्थ खरीदनी है, यह पूरी तरह इंटरनेट सेवा प्रदाताओं का व्यावसायिक निर्णय है। सरकार इस पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाती। इसलिए बांग्लादेश का नया निर्णय नेपाली ऑपरेटरों के लिए एक अतिरिक्त विकल्प बन सकता है। वर्तमान में भी नेपाल के कुछ सेवा प्रदाता विदेशी सैटेलाइट कंपनियों से बैंडविड्थ खरीदकर इंटरनेट सेवा उपलब्ध करा रहे हैं। इसके लिए अब तक दो कंपनियों को ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशंस (जीएमपीसीएस) लाइसेंस मिला है।

## सरार्फा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली :** घरेलू सरार्फा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। वहीं चांदी के भाव में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में आज सोना 1,220 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,330 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने के भाव 720 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 780 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गए हैं। चांदी की बात करें, तो इस चमकीली धातु की कीमत में आज शुरूआती कारोबार के दौरान 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। सोने के भाव में आए उछाल के कारण आज देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,44,450 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,45,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,32,410 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,33,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में आज 2,34,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,44,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,44,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,44,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,45,320 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,33,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,44,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,44,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,32,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

न्यूज IN ब्रीफ

## हृदयानंद मिश्र को कांग्रेसी नेता तुलसी पासवान ने सम्मानित किया



**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडल कांग्रेस के भीष्म पितामह एवं झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य तथा झारखंड प्रदेश कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य हृदयानंद मिश्र (एडवोकेट) को कांग्रेस नेता तुलसी पासवान ने उनके आवास पर अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शैलेश चंद्रवंशी एवं पलामू जिला कामगार यूनियन के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह भी उपस्थित थे।
तुलसी पासवान ने कहा कि श्री मिश्र झारखंड आंदोलनकारी होने के साथ-साथ गांधीवादी दर्शन के मर्मज्ञ हैं। शैलेश चंद्रवंशी ने उनके वैचारिक योगदान की सराहना की। अनिल कुमार सिंह ने कहा कि उनके पिता ने श्री मिश्र के मार्गदर्शन में कांग्रेस की राजनीति की शुरूआत की थी। उन्होंने कहा कि गांधीवादी दर्शन और कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेने के लिए वे समय-समय पर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहेंगे।

## अफीम मामले का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**चतरा :** मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत लावालौंग पुलिस ने अफीम की अवैध खेती के मामले में फरार चल रहे एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उक्त विषय की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि लावालौंग थाना कांड संख्या 71/25 में दर्ज अफीम की अवैध खेती के मामले के प्राथमिकी अभियुक्त लमटा पंचायत के अम्बाटांड गांव निवासी पचास वर्षीय महेंद्र गंझू को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस ने बताया कि अभियुक्त पर अफीम जैसे मादक पदार्थों की अवैध खेती करने एवं उसे बढ़ावा देने का आरोप है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले में मादक पदार्थों की अवैध खेती और कारोबार के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## घाटशिला स्टेशन पर आपातकालिन सेवा सुविधा बढ़ाने का निरीक्षण

**जमशेदपुर :** जिला के चाकुलिया, धालभूगढ़ और घाटशिला स्टेशन का खड़गपुर रेल मंडल कई तरह से विकास करेगा। इससे गुरुवार को दक्षिण पूर्व जोन के मुख्य संरक्षा अधिकारी व अन्य ने तीनों स्टेशनों के आसपास की लाइन, यार्ड, प्वाइंट और क्रॉसिंग का निरीक्षण किया। टीम द्वारा घाटशिला स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर आपातकालीन सेवा की तैयारी और क्रू सुविधा की समीक्षा की है। दरअसल, हावड़ा-टाटानगर मार्ग में चाकुलिया व घाटशिला बड़ा स्टेशन होने के साथ ट्रेन परिचालन में अहम है। इससे खड़गपुर-घाटशिला सेक्शन में रेलवे बुनियादी ढांचे और परिचालन संबंधी सुविधा को दुरुस्त करने में जुटा है। इसके तहत ट्रैक, सिग्नलिंग, विद्युत और परिचालन सिस्टम में सुधार होगा।

## रिटायर और विधवा को भी एचआरएमएस से मिलेगा यात्रा पास

**जमशेदपुर :** रेलवे में अब रिटायर कर्मचारियों एवं विधवा को भी एचआरएमएस के माध्यम से यात्रा पास मिलेगा। कर्मचारियों को पूर्व से यह सुविधा मिल रही थी। रेलवे ने निर्णय लिया कि, एचआरएमएस में रिटायर और विधवा को जोड़ने के कार्य की जोन, मंडल और ब्रांच स्तर पर निगरानी और पास जारी करने के लिए एसडब्लूआई नियुक्त होना चाहिए ताकि, रिटायर कर्मचारियों व अन्य को पास लेने में परेशानी न हो। मालूम हो कि, रेलवे में मैनुअल पास व अन्य कार्य को बंद किया जा रहा है।

## चाईबासा में ब्राउन शुगर तस्करी के बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़

चाईबासाः पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। चक्रधरपुर में सक्रिय ब्राउन शुगर तस्करी के एक संगठित सिंडिकेट का पदार्फाश करते हुए दो अलग-अलग जगह से पांच तस्करों को 75 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सभी आपस में जुड़े होने की बात कही है। वहीं एसोसिएशन ग्राउंड के समीप से भी 260 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।
एसडीपीओ डॉ सैयद मुस्तफा हाशमी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में गांजा, ब्राउन शुगर और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में चक्रधरपुर पुलिस को पुराना बस्ती इलाके में ब्राउन शुगर की बिक्री की तैयारी की सूचना मिली। सूचना के सत्यापन के बाद उनके नेतृत्व में थाना प्रभारी अवधेश कुमार की अगुवाई में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।
छापेमारी के दौरान पुलिस ने भागने की कोशिश कर रहे शेखर सुमन साहू और शुभम वर्मण को दबोच लिया। एनडीपीएस एक्ट के तहत तलाशी लेने पर शेखर के पास से 40 पुड़िया (करीब 11.1 ग्राम) और शुभम के पास से 10 पुड़िया (करीब 2 ग्राम) ब्राउन शुगर बरामद हुई। इसी दौरान ब्राउन शुगर खरीदने पहुंचे आशीफ शेख उर्फ बंगला को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की। जिससे दोनों आरोपी जमशेदपुर से ब्राउन शुगर खरीदकर लाए थे।
पोर्टरखोली इलाके में ब्राउन शुगर बिक्री की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अभिषेक प्रामाणिक उर्फ अंडा और मुकेश राम रवि उर्फ बम्बा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अभिषेक के पास से 24 पुड़िया (करीब 3 ।5 ग्राम) और मुकेश के पास से एक पुड़िया (करीब 0 ।15 ग्राम) ब्राउन शुगर बरामद की गई। दोनों के मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि मादक पदार्थ की आपूर्ति जमशेदपुर से की जा रही थी। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क से जुड़े लोगों की तलाश में जुटी है।
सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बहामन टूटी ने बताया कि सूचना मिली थी कि एसोसिएशन ग्राउंड के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजे की पुड़िया बेच रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित रेनू को अवगत कराया गया। उनके निर्देश पर सदर एसडीपीओ बहामन टूटी के नेतृत्व में संयुक्त छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस ने छापेमारी करते हुए 47 वर्षीय सुरेश कुमार यादव को 70 पुड़िया ब्राउन शुगर, पांच गांजा मिश्रित सिगरेट और 6500 नगद के साथ गिरफ्तार किया है। वह मूल रूप से ग्वाला पट्टी का निवासी है और वर्तमान में पुलहातु स्थित एक किराये के मकान में रह रहा था।
इस मामले में सदर थाना में कांड संख्या 67/26 दर्ज करते हुए आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा 20 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# सिमडेगा के शहरी क्षेत्रों में मीट व चिकन दुकानों में चला विशेष जांच अभियान

संवाददाता

**सिमडेगा :** उपायुक्त महोदया, सिमडेगा एवं अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा के संयुक्त निर्देशानुसार जनस्वास्थ्य की सुरक्षा एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा उच्च न्यायालय, झारखंड के आदेशों का पालन कराने के उद्देश्य से सिमडेगा के शहरी क्षेत्रों में मीट एवं चिकन दुकानों में अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा, श्री सुमंत तिर्की, अंचल अधिकारी ( सदर), सिमडेगा, मोहम्मद इम्तियाज अहमद, प्रशासक, नगर परिषद्, सिमडेगा, श्री अरविंद तिर्की एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, गुमला, श्री प्रकाश चन्द्र गुग्गी, सिमडेगा - क श्री विकास कुमार एवं सिमडेगा - 2, डॉ अनिकेत द्विवेदी के संयुक्त नेतृत्व में सघन जाँच अभियान चलाया गया।
अभियान के दौरान मीट एवं चिकन दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए, नगर परिषद् से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेते हुए, वैध खाद्य सुरक्षा लाइसेंस लेने तथा मानकों को



पूर्ण रूप से पालन करने का सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही भविष्य में बिना वैध खाद्य सुरक्षा लाइसेंस के व्यापार (अवैध व्यवसाय) नहीं करने की चेतावनी दी गई अन्यथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्यवाही कर दी जाएगी।
निरीक्षण के क्रम में बाजार टांड में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों यथा ठेला खोमचा, चाट एवं गोलगप्पा स्टॉल का भी निरीक्षण किया गया ।अखाद्य (औद्योगिक) रंग पाए जाने पर चाट को तत्काल नष्ट किया गया साथ ही सख्त निर्देश दिया गया कि भविष्य में अखाद्य( औद्योगिक) रंग उपयोग नहीं करेंगे एवं फूड सेफ्टी का लाइसेंस लेकर ही अपना व्यवसाय करेंगे।
अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता, खाद्य पदार्थों में मिलावट पर रोक तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले में नियमित रूप से ऐसे संयुक्त अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि खाद्य पदार्थों की मिलावट अथवा तंबाकू नियमों के उल्लंघन की सूचना संबंधित विभाग को दें, ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।
अधिकारियों ने कहा कि जनस्वास्थ्य के हित में भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## कलाकारों ने उठाई पूरे गांव को रंगने की बीड़ा



संवाददाता

झारखंड को सोहराय के रंगों से रंगने वाले कलाकार मनीष कुमार महतो दलमा के पहाड़ी इलाकों में बसे गांवों को रंगने का कार्य एक हफ्ते से लगातार जारी रखा है, उनका मानना है अपने आसपास के क्षेत्र में सभी गांव को सोहराय के रंगों से रंगने का उनका सपना साकार होता नजर आ रहा है उनके साथ उनके मुख्य सहयोगी पुष्कर महतो,काजल कुमारी ,पवन मुंडा ,बादल मछुआ, सीता कुमारी ,अमृता कुमारी ,आशीष कुमार महतो, शिवानी कुमारी ,सोलन महतो विक्रम महतो ने अपने गांव से निकलकर साथ मिलजुल कर यह कर को अंजाम देने की जिम्मेदारी ली है ,फिलहाल उनका कार्य चाकुलिया में चल रहा है इस भीषण बारिश के मौसम में भी किसी तरह अपना भोजन तैयार कर अपने साथ-साथ अपने टीम का पूरी तरह देखभाल रखना भी एक बड़ी जिम्मेदारी है। आपको बताते चले यहां मौजूद जितने भी कलाकार हैं सभी के माता-पिता दिनचर्या पर कार्य कर अपना जीवन यापन करते हैं वही बच्चों उनके बच्चों ने कला के प्रति इतना रुझान दिखाया है कि आसपास के क्षेत्र में छोटे से लेकर बड़े वर्ग के सभी लोगों को सोचने पर विवश कर दिया कि कोई इतना दृढ़ संकल्प कैसे हो सकता है।
चाकुलिया में कार्य करने के दौरान बच्चों में भी कला के प्रति रुझान देख लीडर मनीष कुमार महतो ने छोटे-छोटे बच्चों के लिए अपने कार्य के दौरान ही चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन रखा साथ ही उन बच्चों को भी अपने कला के साथ जुड़ने एवं अपने घरों को थोड़ा-थोड़ा कर सुसज्जित करने की सलाह दी।

## दुमका में सीओ कार्यालय के सामने ग्रामीणों का हंगामा

संवाददाता

**दुमका :** जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड के ताराचुआं गांव में पूर्व ग्राम प्रधान सोम हेम्ब्रम द्वारा एक सरकारी गैर मजरूआ भूमि पर कब्जा कर लिया गया था, जिसे अंचलाधिकारी कपिल देव ठाकुर ने जेसीबी की मदद से अतिक्रमण मुक्त कराया है लेकिन इस कार्रवाई के खिलाफ गुरुवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने शिकारीपाड़ा अंचल कार्यालय के सामने हंगामा किया। इसमें बहुत सी महिलाएं भी शामिल थीं। ग्रामीणों का विरोध था कि प्रशासन ने जीसीबी से घर को क्यों गिराया? साथ ही साथ उनका यह भी आरोप था कि सीओ अपनी कार्रवाई के दौरान मौजूद लोगों के साथ सख्ती के साथ पेश आते हैं। जब ग्रामीण अपना विरोध जताने कार्यालय पहुंचे, उस वक्त सीओ कपिल देव ठाकुर मौजूद नहीं थे लेकिन थोड़ी ही देर में वे ऑफिस पहुंचे। जिसके बाद ग्रामीणों ने सीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्रवाई को गलत ठहराया। इधर, इस हंगामे को देखते हुए तत्काल शिकारीपाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया। हंगामे से निपटने के लिए सीओ ने ताराचुआं गांव के पूर्व प्रधान सोम हेंब्रम को अपने कार्यालय में बुलाया और स्थिति से अवगत कराया। थोड़ी देर बाद जब सोम हेम्ब्रम कार्यालय से निकले तो प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया और वे सभी को अपने साथ ले गए। वहीं इस पूरे मामले में सीओ कपिल देव ठाकुर ने बताया कि प्रशासन की ओर से, जो भी कार्रवाई की गई है, वह पूरी तरह से जायज है। दरअसल, महीनों पहले काफी संख्या में ग्रामीणों ने ही अपने ग्राम प्रधान के खिलाफ कई बार आवेदन देकर यह बताया था कि उन्होंने सरकारी जमीन का अतिक्रमण किया है।

## मध्य विद्यालय असंतालिया में छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित



संवाददाता

**बंदगांव/चक्रधरपुर :** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी 'उन्नति का पहिया' योजना के तहत मध्य विद्यालय असंतालिया में छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सुखराम उरांव उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य दूर-दराज के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में निरंतरता आएगी और वे समय पर विद्यालय पहुंच सकेंगे।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं ने साइकिल प्राप्त कर खुशी व्यक्त की। विद्यालय प्रबंधन ने सरकार एवं जनप्रतिनिधियों का आभार जताते हुए कहा कि यह योजना विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास और बेहतर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि पिरु हेम्ब्रम, मिथुन गागराई समेत अन्य उपस्थित थे।

## बिजली करंट से युवक की मौत के बाद भी खतरा बरकरार

संवाददाता

**ठेठईटांगर/सिमडेगा :** प्रखंड ठेठईटांगर अंतर्गत ताराबोगा पंचायत के ग्राम जिलिंगा गौरीडुबा में 18 वर्षीय असीत बरवा की बिजली करंट से हुई दर्दनाक मौत के तीन दिन बाद गुरुवार को भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की पुनः घटनास्थल पहुंचे और ग्रामीणों के साथ बिजली विभाग द्वारा की गई कार्रवाई का निरीक्षण किया।
ग्रामीणों ने बताया कि विभाग ने केवल उसी स्थान पर नया पोल लगाकर झुके हुए तार को व्यवस्थित किया है, जहां दुर्घटना हुई थी। लेकिन घटनास्थल के आसपास दो अन्य स्थानों सहित ताराबोगा से गौरीडुबा तक 11 केवी बिजली लाइन के कई हिस्सों में तार अब भी काफी नीचे झूल रहे हैं, जिससे लोगों, किसानों एवं





मवेशियों के लिए लगातार दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।
इस अवसर पर अमृत चिराग तिर्की ने कहा कि सिर्फ दुर्घटनास्थल पर कार्रवाई कर देना पर्याप्त नहीं है। पूरे क्षेत्र की 11 केवी बिजली लाइन का तकनीकी निरीक्षण कर जहां-जहां तार नीचे झूल रहे हैं, वहां नए पोल लगाकर और तारों को सुरक्षित ऊंचाई पर व्यवस्थित किया जाए। असीत बरवा की मौत से सबक लेते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना बिजली विभाग की जिम्मेदारी है।
ग्रामीणों ने बिजली विभाग से अविलंब पूरे क्षेत्र का सर्वे कर सभी खतरनाक स्थानों पर सुधार कार्य कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते व्यापक कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में फिर किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ 1001 श्रद्धालुओं को कराएगा निःशुल्क कांवर यात्रा

**जमशेदपुर :** बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ 9 अगस्त को 1001 शिवभक्तों के लिए सुल्तानगंज से देवघर तक निःशुल्क कांवर यात्रा आयोजित करेगा। संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने साकची स्थित अग्रसेन भवन में प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी।पंजीयन 20 जुलाई से ह्यपहले आओ, पहले पाओ्ह के आधार पर होगा, जिसके लिए आयु सीमा 18 से 60 वर्ष रखी गई है। सभी श्रद्धालुओं को फोटो व मोबाइल नंबर युक्त पहचान पत्र तथा एक समान ड्रेस कोड दिया जाएगा।सुल्तानगंज से देवघर तक कांवरिया पथ पर धर्मशालाएं आरक्षित की गई हैं। प्रत्येक पड़ाव पर भोजन, चिकित्सा व विश्राम की व्यवस्था रहेगी। आठ दिनों की इस यात्रा में इनारावरण स्थित भूतनाथ धर्मशाला में रावण वध की झांकी मुख्य आकर्षण होगी।

### अभाविप के स्थापना दिवस पर नशा मुक्ति का संदेश

## नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी और जनजागरण अभियान से गूंजा चतरा नगर

संवाददाता

**चतरा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर अभाविप चतरा नगर इकाई द्वारा ₹नशा मुक्त भारतझ्स्वस्थ भारत₹ के संकल्प के साथ गुरुवार को भव्य नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर, चतरा के समस्त विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकाली तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता तख्तियां लेकर ₹नशा छोड़ोझ जीवन जोड़ो₹, ₹नशा मुक्त युवाझ सशक्त भारत₹ और ₹स्वस्थ युवा, समृद्ध राष्ट्र₹ जैसे नारों के साथ शहरवासियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।विद्यालय के प्राचार्य राहुल कुमार ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार, सामाजिक चेतना और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती है और इसके विरुद्ध जागरूकता अभियान समय की आवश्यकता है। विद्यार्थियों की भागीदारी से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।
प्रदेश खेलो भारत प्रमुख मुन्ना यदुवंशी ने कहा कि स्वस्थ युवा ही सशक्त राष्ट्र की नींव हैं। नशा युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और भविष्य को बर्बाद करता है। इसलिए युवाओं को खेल, योग और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़कर अपने व्यक्तित्व का




विकास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभाविप का ₹खेलो भारत₹ अभियान युवाओं को स्वस्थ, अनुशासित और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित कर रहा है।जिला संयोजक विशाल प्रजापति ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल छात्र हितों की आवाज नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त आंदोलन है। परिषद समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक करने का कार्य करती है। नशा मुक्ति अभियान का उद्देश्य एक स्वस्थ, जागरूक और संस्कारित समाज का निर्माण करना है।नगर मंत्री अनुराग कुमार आर्य ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल छात्र समस्याओं के समाधान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए भी निरंतर अभियान चलाती है। नशा मुक्ति अभियान का उद्देश्य युवाओं और समाज को जागरूक कर एक स्वस्थ, संस्कारित एवं नशामुक्त भारत का निर्माण करना है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर शिक्षा, चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में अभाविप के कार्यकर्ता, विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया और ₹भारत माता की जय₹ तथा ₹वंदे मातरम₹ के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।